शुक्रवार, 6 फरवरी 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 14 – 26 |
| आर्द्रता | 66% |
| सूर्योदय: 06:14 | सूर्यास्त: 17:27 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



आरसीबी ने दिल्ली को हराकर दूसरी बार डब्ल्यूपीएल खिताब जीता पृष्ठ 8

सुविचार : नाराजगी की उम्र कम रखी जाये तो रिश्तों की उम्र बढ़ जाती है।

# बंगाल विधानसभा : ममता सरकार ने 4.06 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट किया पेश



**महिलाओं, युवाओं, राज्य कर्मचारियों और किसानों के लिए कई अहम घोषणाएं**

**सिविक वॉलंटियर और 'ग्रीन पुलिस' कर्मियों के वेतन में 1,000 रुपये मासिक बढ़ोतरी**

**आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मासिक मानदेय राशि में 1,000 रुपये की वृद्धि**

**सरकारी कर्मचारियों को 4 प्रतिशत अतिरिक्त डीए**

**बेरोजगारों को प्रति माह 1,500 रुपये का भत्ता**

**स्टार्ट-अप्स पर विशेष ध्यान**

**गिग वर्कर से लेकर खेतिहर मजदूर तक विशेष ध्यान**

**लक्ष्मी भंडार योजना की राशि में 500 रुपये की बढ़ोतरी**

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 4.06 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट पेश किया, जिसमें महिलाओं, युवाओं और राज्य कर्मचारियों के लिए कई अहम घोषणाएं की गईं। राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने राज्य विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि 'लक्ष्मीर भंडार' योजना के तहत महिलाओं को मिलने वाली मासिक सहायता राशि फरवरी से 500 रुपये बढ़ाई जाएगी। सरकार ने इस योजना के लिए 15,000 करोड़ रुपए आवंटित किये हैं। उन्होंने बेरोजगार युवाओं के लिए 'बांग्लार युवा साथी' नाम से एक नई योजना शुरू करने की भी घोषणा की। इस योजना के तहत 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगारों को प्रति माह 1,500 रुपये का भत्ता दिया जाएगा। यह सहायता राशि युवाओं को नौकरी मिलने तक या अधिकतम पांच वर्ष की अवधि तक, जो भी पहले हो, जारी रहेगी। इसके अलावा, भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मासिक मानदेय राशि में 1,000 रुपये की वृद्धि की भी बजट में घोषणा की गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायकों की मृत्यु होने पर उनके परिजन को 5 लाख रुपए मुआवजा का प्रस्ताव भी बजट में किया गया है। इसके लिए कुल 280 करोड़ रुपए आवंटित किये गये हैं। अंतरिम बजट में सिविक वॉलंटियरों और 'ग्रीन पुलिस' कर्मियों के लिए 1,000 रुपए की मासिक वेतन वृद्धि की घोषणा की गयी है। इसके लिए 150 करोड़ रुपए आवंटित किये गये हैं।

## अंतरिम बजट जनहितैषी, केंद्रीय बजट दिशाहीन : ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किया गया अंतरिम बजट 'जनहितैषी' है और यह वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है। ममता ने केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए कहा कि बंगाल के बजट की तुलना में केंद्र सरकार का बजट दिशाहीन और सिद्धांतविहीन है। इस दिन, मुख्यमंत्री ने बजट के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र द्वारा 'लगातार वित्तीय अभाव' के बावजूद राज्य सरकार ने आम लोगों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा बजट जनहितैषी है, केंद्रीय बजट की तरह दिशाहीन और सिद्धांतविहीन नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य ने सामाजिक कल्याण के उपायों का विस्तार जारी रखते हुए अपने वित्त का विवेकपूर्ण प्रबंधन किया है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि राज्य सरकार ने सामाजिक क्षेत्र के खर्च में विस्तार करते हुए भी राजकोषीय अनुशासन का पालन किया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल का लगभग दो लाख करोड़ रुपये का वैध बकाया है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), ग्रामीण आवास, ग्रामीण सड़कों और सर्व शिक्षा अभियान जैसी प्रमुख योजनाओं के लिए पश्चिम बंगाल को मिलने वाली धनराशि वर्षों से अवरुद्ध पड़ी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य को आर्थिक रूप से वंचित किए जाने के बावजूद, हमने जनहितैषी बजट पेश किया है। हमने अपने वादों से कोई समझौता नहीं किया है और सभी वादे पूरे किए हैं। यह कोई चुनावी हथकंडा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल को उसके वैध हक से वंचित कर दिया है, इसके बावजूद राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि विकास और कल्याणकारी योजनाओं से कोई समझौता न हो। उन्होंने कहा कि अनुदान और भत्तों में घोषित वृद्धि तत्काल उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य के वित्तीय प्रबंधन को लेकर हो रही आलोचना को खारिज करते हुए ममता ने कहा कि उनकी सरकार राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) ढांचे के तहत उधार लेने की प्रक्रिया में अनुशासन लाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा बजट वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है। हमने कल्याणकारी खर्चों को राजकोषीय विवेक के साथ संतुलित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी पहलों ने 1.72 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद की है। उन्होंने इसे पश्चिम बंगाल में 'राज्य प्रायोजित सामाजिक कल्याण योजनाओं की एक सदी' करार दिया। ग्रामीण अवसंरचना में हासिल की गई उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए ममता ने कहा कि राज्य ने अब तक एक करोड़ ग्रामीण घरों का निर्माण किया है, जिसमें हाल के वर्षों में 32 लाख घर शामिल हैं, और 2.2 लाख किलोमीटर नयी ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि पेयजल की उपलब्धता लगभग दो लाख घरों से बढ़कर 1.87 करोड़ घरों तक पहुंच गई है। उन्होंने शहरी विकास के बारे में कहा कि शहरों का आधुनिकीकरण निवासियों को असुविधा पहुंचाए बिना किया जाएगा, जिसके लिए सर्वेक्षण जल्द ही शुरू होंगे। बनर्जी के मुताबिक बाढ़ की समस्याओं से निपटने के लिए 'घाटाल मास्टर प्लान' का पहले से ही कार्यान्वयन हो रहा है। अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के लिए उठाए गए उपायों का जिक्र करते हुए ममता ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को मातृत्व अवकाश और बेहतर प्रोत्साहन राशि मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके वेतन में बढ़ोतरी के साथ-साथ अतिरिक्त लाभ भी दिए गए।

**बजट में 5 नए एमएसएमई औद्योगिक पार्क, मुर्शिदाबाद और मालदा में गंगा कटाव रोकने के लिए मास्टर प्लान, व्यापार और पर्यावरण के अनुकूल शहर बनाने की पहल की घोषणा**

## सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को अपने कर्मचारियों को डीए का भुगतान करने का दिया निर्देश



फैसले के बाद जश्न मनाते बंगाल सरकार के प्रदर्शनकारी कर्मचारी

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल सरकार को 2008 से 2019 की अवधि के लिए अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का भुगतान करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने यह निर्देश इस बात पर गौर करते हुए दिया कि महंगाई भत्ता कानूनी रूप से लागू करने योग्य अधिकार है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार को छह मार्च तक अपने कर्मचारियों को बकाया महंगाई भत्ते (डीए) का 25 प्रतिशत भुगतान करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि महंगाई भत्ता प्राप्त करना पश्चिम बंगाल राज्य के प्रतिवादी-कर्मचारियों के पक्ष में प्राप्त एक कानूनी रूप से लागू करने योग्य अधिकार है, अपीलकर्ता-राज्य के कर्मचारी इस निर्णय के अनुसार वर्ष 2008-2019 की अवधि के लिए बकाया राशि के हकदार होंगे। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि महंगाई भत्ता राज्य में अपने कर्मचारियों को बढ़ती कीमतों के प्रतिकूल प्रभावों से बचाता है। इसने कहा कि महंगाई भत्ता कोई अतिरिक्त लाभ नहीं है, बल्कि न्यूनतम जीवन स्तर बनाये रखने का एक साधन है। इसने शामिल वित्तीय निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए, इसने एक समिति का भी गठन किया जिसमें उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा, उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश/न्यायाधीश – न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति गौतम भादुरी और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक या उनके द्वारा नामित उनके विभाग के सबसे वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। न्यायालय ने कहा कि समिति के निर्णय के अधीन, पहली किस्त का भुगतान 31 मार्च, 2026 तक किया जाना चाहिए।

## कांग्रेस कभी मेरी कब्र नहीं खोद पाएगी : मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि विपक्षी दल लगातार चुनावी हार को पचा नहीं पा रहा है और उनके प्रति गहरी नफरत रखने के बावजूद वह कभी उनकी कब्र नहीं खोद पाएगा। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लोकसभा में विपक्षी दल द्वारा डाले गए व्यवधान पर खेद जताया और कहा कि यह न केवल एक आदिवासी और महिला राष्ट्रपति का अपमान है, बल्कि उनके सर्वोच्च संवैधानिक पद और भारत के संविधान का भी अपमान है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पर राहुल गांधी की 'गद्दार' टिप्पणी की भी निंदा की और इसे पूरे सिख समुदाय का अपमान बताया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग 'मोहब्बत की दुकान' की बात करते हैं, वे 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' जैसे नारे लगा रहे हैं, जो चुनावी हार से उत्पन्न उनकी हताशा को उजागर करता है। उन्होंने कहा,'' यह कैसी मोहब्बत की दुकान है? उन्होंने यह कौन से संविधान से सीखा है? क्या यह संविधान का अपमान नहीं है?'' मोदी ने कहा, वे कभी मेरी कब्र नहीं खोद पाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष कभी उनकी कब्र नहीं खोद पाएगा क्योंकि उन्हें करोड़ों माताओं, बहनों और देश के गरीबों का आशीर्वाद प्राप्त है, जिनके लिए वे निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस हर भारतीय नागरिक को समस्या मानती थी, जबकि उनकी सरकार उन्हें अपनी ताकत और चुनौतियों का समाधान मानती है। प्रधानमंत्री ने करीब 100 मिनट लंबे भाषण में कहा कि वे (विपक्ष) उन्हें रोज गालियां देते हैं क्योंकि वे यह पचा नहीं पा रहे हैं कि उनके जैसा एक गरीब आदमी इस पद पर कैसे आसीन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रथम परिवार को लगता है कि प्रधानमंत्री का पद उनकी जागीर है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने सत्ता में रहते हुए जनता के कल्याण के लिए काम नहीं किया। उन्होंने तृणमूल को निशाना बनाते हुए आरोप लगाया कि वे घुसपैठियों को संरक्षण देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने चर्चा के दौरान केंद्र सरकार के विरोध में काफी कुछ कहा, 'किंतु वे अपने गिरेबान में भी देखें। पतन के जितने भी मानक हैं, सब मानकों में नये-नये रिकार्ड बनाते जा रहे हैं और यहां उपदेश दे रहे हैं। (पश्चिम बंगाल की तृणमूल की) ऐसी सरकार से वहां के लोगों का भविष्य अंधकार में डूब रहा है। लेकिन उन्हें इसकी कोई परवाह नहीं है। सत्ता सुख के अलावा कोई आकांक्षा नहीं है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया का समृद्ध से समृद्ध देश अपने यहां से गैर कानूनी नागरिकों को निकाल रहा है। उन्होंने कहा, ''हमारे देश में घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों तक पर दबाव उत्पन्न किया गया। देश का नौजवान ऐसे लोगों को कैसे माफ करेगा।''

### ईयू और अमेरिका के साथ भारत के व्यापार समझौतों के बाद दुनिया को हो रहा स्थिरता और गति का एहसास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार समझौते के बाद स्थिरता का एहसास कर रहे विश्व को अमेरिका के साथ देश के इसी तरह के करार के बाद अब गति का भी एहसास होने लगा है। उच्च सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''पिछले कुछ समय में विश्व के नौ बड़े देशों के साथ हमारे समझौते हुए हैं और उसमें 'मदर ऑफ आल डील' में यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ एकमुश्त समझौता हुआ है।'' उन्होंने कहा, ''विकसित देश अपने आप भारत के साथ व्यापार समझौता करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई विकसित देश किसी विकासशील देश के साथ अपने आप व्यापार समझौता करता है तो यह भी अर्थजगत के लिए बहुत बड़ा संदेश है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत विश्व के साथ स्पर्धा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सूक्ष्म एवं लघु उद्योग (एमएसएमई) नेटवर्क पर पूरा ध्यान दिया है।

**RED-X**

B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS

'X' Factor that Makes A Difference

Stockist :

GULAB CHAND LAL CHAND& Co.

9831114555

9874415555

## भारत ने 2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र नियमित बजट में 3.52 करोड़ डॉलर का दिया योगदान

**संयुक्त राष्ट्र :** भारत ने वर्ष 2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट में 3.52 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया है। इससे वह उन 47 सदस्य देशों की 'ऑनर रोल' सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने समय पर अपना पूरा बकाया जमा कराया है। संयुक्त राष्ट्र योगदान समिति के अनुसार, तीन फरवरी 2026 तक 47 सदस्य देशों ने संयुक्त राष्ट्र के वित्तीय नियमों के तहत निर्धारित 30 दिन की अवधि के भीतर अपना पूरा नियमित बजट योगदान अदा कर दिया है। भारत ने तीन फरवरी को 2026 के संयुक्त राष्ट्र नियमित बजट के लिए 3.52 करोड़ डॉलर का भुगतान किया। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में 'ऑनर रोल' में शामिल देशों का जिक्र करते हुए भारत का नाम लिया। उन्होंने कहा, '' यह वह देश है जहां दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा 182 मीटर ऊंची 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' स्थित है। हां, बिल्कुल सही..भारत।''

## भारतीय उच्चायोग ने श्रीलंकाई मछुआरों पर हमले के आरोपों को खारिज किया

**कोलंबो :** कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने बृहस्पतिवार को भारतीय तटरक्षक बल द्वारा श्रीलंकाई मछुआरों के एक समूह पर कथित हमलों का खंडन किया। भारतीय उच्चायोग ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''हमने इसका पता लगाया है और हम इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि भारतीय नौसेना या भारतीय तटरक्षक बल के किसी भी कर्मी ने ऐसा कोई हमला नहीं किया था।'' विज्ञप्ति में कहा गया है, ''भारत ने लगातार यह बात कही है कि मछुआरों की आजीविका संबंधी चिंताओं के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग का सहारा नहीं लिया जाना चाहिए।''

## पीएम मोदी के साथ संसद में हो सकती थी अप्रत्याशित घटना : स्पीकर ओम बिरला

**मैंने लोकसभा न आने का आग्रह किया, इसलिए भाषण टला**

**विपक्षी महिला सांसदों ने कुर्सी घेरी थी, अप्रिय कदम उठाने की तैयारी थी**



**नई दिल्ली :** लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कथित शारीरिक हमले की योजना को लेकर एक और सियासी विवाद खड़ा हो गया है। स्पीकर ओम बिरला ने दावा किया कि कुछ विपक्षी सांसदों के अप्रिय कदम उठाने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद सदन को स्थगित कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, बुधवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री का धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब इसी वजह से रद्द कर दिया गया। कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री बोलने से डर रहे हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा, देश ने देखा कि कल सदन में क्या हुआ। सबने देखा कि कैसे सांसदों ने सदन में पीएम की कुर्सी की तरफ जाने की कोशिश की। मुझे जानकारी मिली थी कि कोई अप्रिय घटना हो सकती थी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ऐसी स्थिति पैदा न हो, मैंने पीएम मोदी से कहा कि वे सदन में न आएं।

## सोने, चांदी की वायदा कीमतों में गिरावट

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख और डॉलर मजबूत होने के बीच वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को चांदी और सोने की कीमतों में दो दिन की तेजी खत्म हो गई और इनमें लगभग 10 प्रतिशत तक की तेज गिरावट देखी गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में, मार्च डिलिवरी वाले चांदी की कीमत 26,850 रुपये या 10 प्रतिशत लुढ़ककर 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में, चांदी 2,68,850 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसी तरह, अप्रैल अनुबंध वाला सोना 2,310 रुपये या 1.51 प्रतिशत लुढ़ककर 1,50,736 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि बुधवार को यह 1,53,046 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने कहा, ''बृहस्पतिवार को सोने और चांदी की कीमतों में हाल की तेजी खत्म हो गई। एमसीएक्स सोना फिसल गया और सप्ताह की शुरुआत में तेजी के बाद 1.49 - 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स चांदी में भी भारी गिरावट आई, यह लगभग 8-10 प्रतिशत नीचे गिर गई, क्योंकि बिकवाली का दबाव तेज हो गया और अल्पावधिक मुनाफावसूली हावी रही।''

# 'भारत टैक्सी' सेवा की दिल्ली-एनसीआर, गुजरात में शुरुआत, तीन साल में देशभर में होगा विस्तार

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को देश के पहले सहकारी-संचालित ऑनलाइन कैब सेवा 'भारत टैक्सी' की शुरुआत की। अभी दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में शुरू होने वाली इस सेवा का अगले तीन साल में देशभर में विस्तार किया जाएगा। शाह ने इस अवसर पर कहा कि अमूल सहित देश की आठ शीर्ष सहकारी संस्थाओं द्वारा स्थापित 'भारत टैक्सी' से चालकों (ड्राइवर) की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और उन्हें इस मंच पर स्वामित्व भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पायलट परीक्षण की सफलता के बाद प्रतिस्पर्धी टैक्सी सेवा प्रदाताओं ने अपने कमीशन घटा दिए हैं और मुफ्त सवारी जैसे प्रोत्साहन भी दिए हैं लेकिन भारत टैक्सी जैसा ड्राइवर-स्वामित्व मॉडल कोई दूसरा ऑनलाइन कैब सेवा प्रदाता नहीं देता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में भारत टैक्सी सेवा की वाणिज्यिक शुरुआत हो गई है। अगले तीन वर्षों में यह सेवा सभी राज्यों में पहुंच जाएगी। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद करीब 1,000 ड्राइवरों को संबोधित करते हुए कहा, आप ड्राइवर होने के साथ भारत टैक्सी मंच के मालिक भी होंगे। उन्होंने कहा कि इस मंच पर हर 100 रुपये की कमाई में से 80 रुपये सीधे ड्राइवरों के बैंक खातों में जाएंगे, जबकि 20 रुपये मंच के संचालन के लिए रखे जाएंगे और उस 20 रुपये का स्वामित्व भी ड्राइवरों के पास ही रहेगा। लाभ को ड्राइवरों के साथ साझा भी किया जाएगा। भारत टैक्सी के माध्यम से कार, तिपहिया और दोपहिया वाहन बुक किए जा सकेंगे। यह मंच बिना किसी कमीशन और व्यस्त समय में भी किराया स्थिर रखने जैसे मूल्य निर्धारण मॉडल पर काम करेगा। इसे विदेशी निवेश-आधारित मंचों का स्वदेशी विकल्प माना जा रहा है। देश में ऑनलाइन टैक्सी बाजार पर फिलहाल उबर, ओला और रैपिडो जैसी गिनी-चुनी कंपनियों का दबदबा है।





## अमेरिका ने भारत स्थित गिरोह से जुड़े 200 से अधिक वेबसाइट डोमेन जब्त किए

**न्यूयार्क :** अमेरिकी संघीय अधिकारियों ने भारत स्थित एक अंतरराष्ट्रीय अपराध संगठन से जुड़े 200 से अधिक वेबसाइट डोमेन जब्त किए हैं। ये अवैध ऑनलाइन फ़ार्मेसियां कम से कम छह लोगों की मौत और चार लोगों के गंभीर दवा सेवन (ओवरडोज़) की वजह बनी हैं। अमेरिका की मादक पदार्थ रोधी एजेंसी डीईए ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि देशभर में उसके कार्यालयों द्वारा की गई कई कार्रवाइयों में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। डीईए ने न्यूयॉर्क के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के सहयोग से बताया कि 'ऑपरेशन मेल्टडाउन' के तहत अमेरिका में सक्रिय भारत स्थित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों (टीसीओ) से जुड़े 200 से अधिक वेबसाइट डोमेन जब्त किए गए हैं। इन अवैध गतिविधियों के कारण कथित तौर पर कम से कम छह मौतें और चार गंभीर दवा सेवन (ओवरडोज़) की घटनाएं हुई हैं।

## देश के 1.4 अरब लोगों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना भारत की शीर्ष प्राथमिकता: विदेश मंत्रालय



**नयी दिल्ली :** भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि अपने 1.4 अरब लोगों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी शीर्ष प्राथमिकता है और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद को लेकर उसका नजरिया मुख्य रूप से इसी बात पर आधारित है। भारत ने कहा कि इसमें वेनेजुएला से कच्चे तेल की खरीद के विकल्प पर विचार करना भी शामिल है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेसवार्ता में ये टिप्पणियां अमेरिका के इस दावे के जवाब में कीं कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करने और अमेरिका एवं वेनेजुएला से और अधिक तेल खरीदने पर सहमत हो गया है। जायसवाल ने कहा, ''जहां तक भारत की ऊर्जा खरीद का सवाल है, सरकार ने कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।'' उन्होंने कहा, ''बाजार की स्थितियों और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के हिसाब से अपनी ऊर्जा खरीद में विविधता लाना, यह सुनिश्चित करने की हमारी रणनीति का मुख्य हिस्सा है। भारत के सभी कदम इसी बात को ध्यान में रखकर उठाए जाते हैं और भविष्य में भी इसका अनुसरण किया जाएगा।'' प्रवक्ता ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा के प्रति भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, भारत वेनेजुएला सहित कच्चे तेल की आपूर्ति के किसी भी नये विकल्प के व्यावसायिक लाभ तलाशने के लिए तत्पर है। माना जाता है कि भारत रूसी तेल खरीदना पूरी तरह से बंद नहीं करेगा। राजनयिक सूत्रों ने संकेत दिया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध जल्द ही खत्म होने वाला है और ऐसे में, नयी दिल्ली के मॉस्को के साथ ऊर्जा संबंधों में कोई रुकावट नहीं आएगी।

## डराते हैं गाजियाबाद-कुल्लू के आत्मघात

ऑनलाइन गेमिंग के भ्रमजाल में फंसकर, उसे हकीकत मानकर जीने वाले किशोरवय जरा से विचलन से आत्मघात की राह पकड़ना अंतिम समाधान समझ लेते हैं। धीरे-धीरे किशोरवय को अपने चपेट में लेने वाली यह प्रवृत्ति कितनी घातक हो सकती है, उसका उदाहरण बुधवार को घटी दो भयावह घटनाएं हैं। एक हृदयविदारक घटना में गाजियाबाद की तीन अल्पवयस्क बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। ऑनलाइन कोरियन गेम की दीवानी बहनें कोरिया में जाकर बसने और वहीं नया जीवन शुरू करने का सपना देखती थीं। घर वालों ने जब उनकी ऑनलाइन सनक से परेशान होकर उनसे मोबाइल छीन लिए, तो वे तनाव व अवसाद में घिर गईं। फिर तीनों बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। ऐसी ही घटना हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भी घटी जहां एक पंद्रह वर्षीय किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछुड़ने के गम में घर में आत्महत्या कर ली। किशोर दसवीं का छात्र था। इन घटनाओं ने आम जनमानस को झकझोर कर रख दिया और बच्चों को लेकर फिक्र बढ़ा दी। निस्संदेह, ये आत्मघात की घटनाएं, ऑनलाइन गतिविधियों के अतिरेक से मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को लेकर गंभीर सवालों को जन्म देती हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि गाजियाबाद में 12, 14 और 16 साल की तीन सुकोमल बहनें असमय काल-कवलित हो गईं। पुलिस भी प्रथम दृष्टया मान रही है कि इस दुखद घटना के पीछे ऑनलाइन गेमिंग ऐप का अत्यधिक उपयोग और घर में इसके इस्तेमाल को लेकर हुआ विवाद था। वहीं दूसरी ओर जांच अधिकारी अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचने से पहले पारिवारिक परिस्थितियों और मनौवैज्ञानिक स्थिति सहित सभी पहल-ओं की जांच कर रहे हैं। इसी तरह कल्लू की घटना भी विचलित करने वाली है। जहां विदेश में रहने वाले एक ऑनलाइन गेमिंग मित्र के साथ संपर्क टूट जाने के बाद अत्याधिक मानसिक व्याकुलता से ग्रस्त पंद्रह वर्षीय छात्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

निश्चित रूप से आत्मघात की ये घटनाएं हमारे नीति-नियंताओं और अभिभावकों को आसन्न संकट के प्रति सचेत करती हैं। दरअसल,ये दुखद घटनाएं एक घातक प्रवृत्ति को ही उजागर करती हैं कि गेमिंग और डिजिटल संपर्क लाखों युवाओं को आभासी समुदाय और मनोरंजन तो प्रदान कर सकते हैं, लेकिन साथ ही ये भावनात्मक कमजोरियों,सामाजिक अलगाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की पूर्ति न होने जैसी समस्याओं को भी जन्म दे सकते हैं। हालांकि, वहीं दूसरी ओर समाज विज्ञानी इस बात पर भी बल देते हैं कि केवल गेमिंग या ऑनलाइन मित्रता ही आत्महत्या का कारण नहीं बन सकती हैं। निस्संदेह, आत्महत्या एक जटिल और बहुआयामी घटना है। लेकिन समस्याग्रस्त डिजिटल जुड़ाव, विशेष रूप से जब यह ऑफलाइन जीवन से अलगाव, बाधित शिक्षा और तीव्र भावनात्मक तनाव के साथ होता है तो संवेदनशील युवा मन में परेशानी को और बढ़ा सकता है। निस्संदेह, इन दुखद घटनाओं के सामने आने के बाद डिजिटल युग में किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। इन त्रासदियों को टालने हेतु तात्कालिक प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसके लिये जरूरी है कि माता-पिता को भी डिजिटल जागरूकता प्रदान की जाए। स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने तथा किशोरों के लिये मनोवैज्ञानिक परामर्श उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने की जरूरत है। वक्त की दरकार है कि परिवारों के भीतर खुले संवाद को बढ़ावा दिया जाए। जिससे बच्चे किसी संकट में फंसने से पहले अपनी बात अपने परिवार से कह सकें। गंभीर मानसिक तनाव से गुजर रहे बच्चों को संवेदनशील ढंग से सुना जाना चाहिए। नीति-नियंताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऑनलाइन वातावरण नाबालिगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दे। आस्ट्रेलिया और फ्रांस जैसे विकसित देशों ने किशोरवय को कथित सोशल मीडिया के संजाल से बचाने के लिये एक उम्र तक उनके सोशल मीडिया अकाउंट खोलने पर प्रतिबंध लगाया है। दरअसल, सोशल मीडिया व अन्य इंटरनेट प्लेटफॉर्मों पर इतनी घातक व भ्रामक सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं कि वे बच्चों के सुकोमल मस्तिष्क पर घातक असर डाल सकती हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 6 फरवरी, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन कृष्णपक्ष पंचमी, 25:22 तक, नक्षत्र : हस्त, 24:22 तक, योग : धृति, 23:37 तक, सूर्योदय: 06:14, सूर्यास्त: 17:27, चन्द्रोदय : 21:39, चन्द्रास्त: 08:51, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 10:27 से 11:50

## राशिफल

**मेष :** आपको पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा। इसके साथ ही कुछ अच्छे लोग भी आपके साथ जुड़ेंगे। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए किसी बैंक के लोन भी लेना पड़ सकता है।

**वृष :** आपका दिन व्यस्त रहने वाला है। अधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। हालांकि आपके निर्णय लेने की क्षमता आपको लाभ के अवसर प्रदान करेगी। आपके रुके हुए कार्य तेजी के साथ पूरे होंगे।

**मिथुन :** आपको अपने स्वास्थ्य पर थोड़ा अधिक ध्यान देना होगा। किसी बीमारी से ग्रस्त लोगों के कष्ट में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक कार्यों में अड़चन आ सकती है।

**कर्क :** आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपकी कड़ी मेहनत का अच्छा फल प्राप्त होगा। संतान के साथ आपका जुड़ाव और अधिक मजबूत होता दिखेगा।

**सिंह :** आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। दिन की शुरुआत में थोड़ी मानसिक परेशानी झेलनी पड़ सकती है। हालांकि माता-पिता के आशीर्वाद से दोपहर तक हालात सामान्य होते जाएंगे।

**कन्या :** आप कठिन से कठिन कार्य आसानी से पूरा कर पाएंगे। माता-पिता से सुख और सहयोग प्राप्त होगा। वरिष्ठ जनों के आशीर्वाद से आपको कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला :** दिन आपके लिए शुभ और लाभकारी रहेगा। इस दौरान आपकी संपत्ति में इजाफा होगा। कुछ नए अधिकार भी आपको प्राप्त हो सकते हैं। दूसरों की मदद करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक :** दिन की शुरुआत में आपका मन कुछ परेशान रहेगा। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे आपके प्रयास असफल हो सकते हैं। आपको अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी।

**धनु :** धार्मिक कार्यों की तरफ आपकी रुचि बढ़ेगी। दान-पुण्य और परोपकार की भावना आपको समाज में मान-सम्मान दिल-एगी। पेट से संबंधित समस्या आपको परेशान कर सकती है।

**मकर :** दिन आपके लिए लाभकारी रहने वाला है। किसी कीमती वस्तु को पाने की आपकी इच्छा पूरी हो सकती है। हालांकि, न चाहते हुए भी आपके खर्चों में भी इजाफा होगा।

**कुम्भ :** आपको सोच-समझकर खर्च करना होगा। जरूरत से ज्यादा खर्च करने से परेशानी में पड़ सकते हैं। आपको परिवार के लोगों से बी थोड़ा संभलकर रहना होगा।

**मीन :** लंबे समय से अटका हुआ कोई विवाद समाप्त होता दिख रहा है। समाज में आपके छवि मजबूत होगी। लोग आपकी तरफ खिंचे चले आएंगे। मान-सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ेगा।

# हिंदी का वैश्विक संदर्भ : विकसित भारत के परिप्रेक्ष्य में



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

विकसित भारत के परिप्रेक्ष्य में हिंदी का वैश्विक संदर्भ जैसे विषय पर चर्चा करना वर्तमान का ज्वलंत सवाल है। दरअसल यह विषय एक सवाल के रूप में उभरने लगा है। देश-विदेश में विकसित भारत 47 की चर्चाएं होने लगी हैं। दुनिया की महत्त्वपूर्ण शक्तियां; जो खुद को अजेय मानती हैं, उन शक्तियों का यही कहना है कि 22 सालों में भारत को विकसित होने के सामने कई समस्याएं हैं; उन समस्यायों से भारत नहीं जूझ पायेगा; हालांकि भारत ने घोषणा की है कि देश की आजादी के सौवें साल के मौके पर भारत को एक विकसित देश के रूप में प्रतिष्ठित करने का संघर्ष है। इस संघर्ष में भारत की जीत अवश्यंभावी है, क्योंकि भारत कभी किसी से हारता नहीं है। उदाहरण के तौर पर कहा जाए, तो राहुल सांकृत्यायन के शब्दों में कहा जा सकता है कि भारत पर जिन आक्रमणकारियों ने हमले किये, वे आक्रमणकारी भारत की मिट्टी में खाद हो गए। राहुल सांकृत्यायन से पहले प्रेमचंद ने जब महाराणा प्रताप और मान सिंह पर चर्चा शुरू की, तब प्रेमचंद ने भी यही बताया कि देश की वास्तविकता को जो समझता है, वही युद्ध लड़ता है तथा देश को संकट की घड़ी से निकालता है।

भारत के इस इतिहास पर जब बौद्धिकता की रोशनी डाली जाती है, तब वह बौद्धिकता यही बताती है कि खुद का रास्ता खुद बनाना पड़ता है, कोई किसी के लिए रास्ता नहीं बनाता है; रास्ता चलते-चलते बनता है; जैसा कि भारतवासियों ने प्राचीन काल से ही रास्ता बनाया है। सच तो यह है कि भारतवासियों ने त्याग-तप-तपस्या-न्यौछावर के विनिमय पर खुद के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे मनुष्यत्व को खुशहाल करने के उद्देश्य से रास्ता बनाया है। इसलिए यह कहना मुमकिन है कि भारतवासी जिस राह पर निकल जाते हैं, उस राह पर उन्हें मंजिल जरूर मिलती है।

यह सच है कि भारत की आजादी के सौवें साल के मौके पर कुछ ऐसा दिखाना पड़ेगा, ताकि दुनिया यह देख पाए कि यूनियन जैक को धरती पर गिराने वालों में कूबत है, जिन्होंने अपनी कूबत पर तिरंगा के मान-सम्मान की रक्षा की है। इसलिए विकसित भारत 47 की संकल्पना कठिन चुनौतियों से भरी पड़ी है। उन चुनौतियों का सामना करना एक अत्यंत जरूरी कर्त्तव्य है। इस फौरी कर्त्तव्य को पूरा करने से पहले इस पर गंभीरता से सोचना होगा, इसलिए कि इस संकल्पना ने खासकर युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों की समस्याओं का निदान खोजने पर विशेष ध्यान दिया है। इन चारों को यदि देश की वास्तविक समस्याओं से बाहर निकाल दिया जाता है, तो निश्चित रूप से देश खुशहाल हो जायेगा। देश की अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया में लाजबाव हो जायेगी। भुखमरी किसे कहते हैं, लोग किताब में ढूँढेंगे, बेरोजगारी मुंह की गिरेगी, हिंसा-हत्या-अत्याचार जैसे रोग बांस के बगान में जाकर अपने लिए जगह खोजेंगे। फिर भी उन्हें जगह नहीं मिलेगी। यह विकसित भारत की संकल्पना की घोषणा की पड़ताल करने से कुछ हद तक पता चलेगा।

आने वाले 22 सालों में शिक्षा-कृषि-स्वास्थ्य की यदि बेहतरी होगी, तो निश्चित रूप से विश्व-मंच पर भारत की शान चमकेगी। ऐसी स्थिति में भाषा और खासकर हिंदी का वैश्विक संदर्भ खोजना ही पड़ेगा; इन सारी प्रगतियों के लिए भाषा का काम जोड़ना होता है। भाषा समाज की होती है। भाषा का न वर्गीय चरित्र होता है और न धार्मिक चरित्र होता है। इस दृष्टि से विद्वानों ने हिंदी भाषा के विकास पर सबसे अधिक ध्यान दिया है; यही कारण है कि हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार काफी जोर-शोर से होता है।

खासकर प्रौद्यैगिकी और तकनीकी विकास के जरिये हिंदी भाषा का उज्वल स्वरूप सामने आया है। भारत के बाहर प्राय: दो सौ दस देशों में हिंदी का प्रचार-प्रसार हुआ है। देश की एकता-अखंडता को बनाने में हिंदी की महत्ता को खारिज नहीं किया जा सकता है। हिंदी भाषा की किसी आधुनिक भारतीय आर्य भाषा से शत्रुता नहीं है। हिंदी भाषा के विकास में गांधी-नेहरू-नेताजी के योगदान को बार-बार याद करने की जरूरत है, क्योंकि नेताजी ने कहा था कि कलकत्ता विश्वविद्यालय में हिंदी की पढ़ाई शुरू हो चुकी है। नेताजी को हिंदी में एम.ए. की पढ़ाई पर गर्व हुआ था। शिक्षा की गरिमा और युवाओं की महिमा को स्वामी विवेकानंद ने भारत की धरती पर परखा। राजा राममोहन राय, विद्यासागर से लेकर टैगोर के हिंदी प्रेम में वह ओजस्विता वर्तमान में झलकती है, जिस ओजस्विता ने भारत को आगे बढ़ने के लिए बार-बार प्रेरित किया है। सही अर्थों में भारत का इतिहास और उसकी विरासत महत्त्वपूर्ण है, जिस पर टिप्पणी करते हुए सर विलियम जोंस ने कहा था कि संस्कृत एक जीवंत भाषा है, संस्कृत मरी हुई भाषा नहीं है। संस्कृत भाषा ने आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं को समृद्ध किया है; देशी-विदेशी भाषाओं के शब्दों को भी अपने शब्द भंडार में जगह दी है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय मनीषा और वाङ्मय को संस्कृत भाषा ऊर्जस्वित करती है। इस ऊर्जस्वित को विश्व-मंच पर स्थापित करने के लिए हिंदी का वैश्विक संदर्भ जैसे विषयों पर बार-बार चर्चा करने की आवश्यकता है। इसी आवश्यकता को पूरा करने में हिंदी की असली समझदारी निहित है। हिंदी भाषा थोपने की भाषा नहीं है; जैसा कि सुनीति कुमार चटर्जी ने बताया है कि हिंदी भाषा की पाचन शक्ति सबसे अधिक है। हिंदी भाषा किसी भी अन्य भाषा के शब्दों को अपना लेती है। इसी गुण के चलते पूरे संसार में हिंदी भाषा का आदर होता है। मीडिया के जरिये भी इस भाषा के प्रचार-प्रसार में सुविधाएं मिली हैं। सिनेमाई गीतों का अधिष्ठान हिंदी भाषा है। सोशल मीडिया पर भी हिंदी भाषा का प्रभाव अन्य भाषाओं की अपेक्षा अधिक है। हिंदी भाषा ने इस 21वीं सदी में दायरा विस्तृत किया है, हालांकि अभी भी अन्य भाषा-भाषियों के लिए हिंदी का लिंग विधान कठिन बना हुआ है। इस पर शोध कार्य हो रहे हैं, निश्चित रूप से इस विधान को सरल बनाया जायेगा।

इस डिजिटल युग में हिंदी भाषा का प्रयोग प्रौद्योगिकी और तकनीकी विकास के लिए किया जाता है। उल्लेखनीय है कि मोबाइल एप्लिकेशन, वेबसाइट, ए आई, ओ सी आर प्रौद्योगिकी में भी हिंदी भाषा का इस्तेमाल होता है। हिंदी भाषा में विषय वस्तु लेखन, अनुवाद, सृजन, निर्माण, पत्रकारिता, फिल्म, मीडिया, पर्यटन, रेडियो, शैक्षिक क्षेत्रों का विकास लगातार हो रहा है। हिंदी भाषा सिर्फ एक भाषा नहीं है बल्कि सांस्कृतिक मिलन की आत्मा है।

यदि भारत विकसित 47 होता है,तो निश्चित रूप से हिंदी भाषा और उसकी उसकी लिपि की विशेषताएं प्रकट होंगी। यह सच है कि हिंदी की विकासधारा के समक्ष कई गतिरोध हैं, लेकिन उन गतिरोधों को पार करते हुए हिंदी का विकास जारी है। यह भी सच है कि विश्व हिंदी सम्मेलन के जरिये भी इस भाषा का प्रचार-प्रसार हुआ है।

यह बताना जरूरी है कि विकसित भारत के संदर्भ में हिंदी भाषा सिर्फ बोलचाल या संवाद की भाषा नहीं कहलायेगी। हिंदी भाषा विकसित भारत की सामाजिक सांस्कृतिक पहचान और समरसता का द्योतक बनेगी। हिंदी को वैश्वकि स्तर पर प्रतिष्ठा मिलेगी इस कार्य को अंजाम देने के लिए राष्ट्र प्रेमियों-भाषा प्रेमियों-भाषा सेनियों को आगे बढ़ना पड़ेगा।

हिंदी भाषा में नये-नये अनुसंधान करने पर जोर दिया जा रहा है। यह सच है कि इस काम को अंजाम देने के लिए हिंदी प्रेमियों और हिंदी सेनियों को आगे आना होगा। दरअसल हिंदी भाषा की उज्ज्वलता भारतवासियों का उज्ज्वल भविष्य है। इस उज्ज्वल भविष्य को हकीकत में बदलने के लिए हिंदी प्रेमियों-हिंदी सेनियों को आने वाले 22 सालों का सही-सही उपयोग करना होगा। यह एक कठिन डगर है, लेकिन इस डगर पर हिंदी प्रेमियों-हिंदी सेनियों की जय-यात्रा सदा अनवरत रूप से चलती रहेगी।

# संभल की सियासत में बर्क और नवाब की जंग से अखिलेश की बढ़ी टेंशन



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव अभी एक साल दूर हैं, लेकिन संभल की सियासत में हलचल अभी से तेज हो चुकी है। बीते कुछ महीनों में सांप्रदायिक हिंसा और प्रशासनिक सख्ती के बाद संभल जैसे संवेदनशील इलाके में राजनीति थोड़ी संभलती दिखी ही थी कि अब समाजवादी पार्टी के भीतर ही सत्ता और वर्चस्व की जंग खुलकर सामने आ गई है। सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता मौलाना ममलूकुर्रहमान बर्क ने 2027 का विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। उनका सीधा निशाना मौजूदा विधायक नवाब इकबाल महमूद हैं, जो लगातार सात बार से संभल सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस ऐलान ने न सिर्फ स्थानीय राजनीति को गर्माया है, बल्कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं।

संभल विधानसभा सीट उत्तर प्रदेश की उन गिनी-चुनी सीटों में है, जहां समाजवादी पार्टी की जड़ें बेहद गहरी रही हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, 2012 से लेकर 2022 तक हुए तीन विधानसभा चुनावों में यह सीट लगातार सपा के खाते में रही है। नवाब इकबाल महमूद ने 1993 से लेकर अब तक सात बार जीत दर्ज की है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने करीब 52 प्रतिशत वोट हासिल किए थे, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी को लगभग 39 प्रतिशत वोट मिले थे। यह अंतर बताता है कि संभल में नवाब की राजनीतिक पकड़ कितनी मजबूत रही है। दूसरी ओर, लोकसभा स्तर पर बर्क परिवार का दबदबा रहा है। शफीकुर्रहमान बर्क कई बार सांसद रहे और उनके निधन के बाद जियाउर्रहमान बर्क ने 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कर यह विरासत आगे बढ़ाई।

अब ममलूकुर्रहमान बर्क के मैदान में उतरने के ऐलान ने दशकों पुरानी सियासी संतुलन की व्यवस्था को चुनौती दे दी है। अब तक सपा के भीतर एक अनकहा फॉर्मूला चलता रहा था विधानसभा नवाब परिवार के पास और लोकसभा बर्क परिवार के खाते में। लेकिन जियाउर्रहमान के सांसद बनने के बाद बर्क परिवार की महत्वाकांक्षा और बढ़ गई है। ममलूकुर्रहमान का दावा है कि संभल की जनता बदलाव चाहती है और मौजूदा विधायक से नाराज है। उनका तर्क है कि सिर्फ पुरानी जीतों के आधार पर टिकट नहीं मिलना चाहिए, बल्कि जनता के बीच सक्रियता और मुद्दों पर संघर्ष को भी देखा जाना चाहिए।

संभल की जनसांख्यिकी इस लड़ाई को और दिलचस्प बनाती है। 2011 की जनगणना और बाद के चुनावी अनुमानों के अनुसार, इस सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब 55 से 60 प्रतिशत के बीच मानी जाती है। इसके अलावा दलित और पिछड़े वर्ग के वोट भी निर्णायक भूमिका में रहते हैं। समाजवादी पार्टी की रणनीति लंबे समय से एम-वाई, यानी मुस्लिम-यादव समीकरण पर टिकी रही है। ऐसे में संभल जैसी सीट सपा के लिए बेहद अहम है, जहां आपसी कलह का सीधा फायदा विपक्ष को मिल सकता है। 2022 के चुनाव में भले ही सपा जीती हो, लेकिन भाजपा ने अपना वोट शेयर पिछले चुनाव के मुकाबले लगभग 6 प्रतिशत तक बढ़ाया था, जो खतरे की घंटी मानी जाती है।

नवाब इकबाल महमूद अब अपने बेटे सुहेल इकबाल को सियासी उत्तराधिकारी के तौर पर आगे बढ़ाने की तैयारी में हैं। यह कदम भी पार्टी के भीतर असंतोष की वजह बन रहा है। ममलूकुर्रहमान बर्क ने बिना नाम लिए तंज कसते हुए कहा है कि टिकट किसी के बेटे होने के आधार पर नहीं, बल्कि जनता के भरोसे पर मिलना चाहिए। यह बयान सीधे तौर पर नवाब परिवार की वंशवादी राजनीति पर सवाल खड़ा करता है। दूसरी ओर, नवाब खेमा यह संकेत दे रहा है कि पार्टी अनुशासन सर्वोपरि है और अंतिम फैसला अखिलेश यादव को ही करना है। उन्होंने यह भी पूछा है कि अगर पार्टी किसी और को टिकट देती है, तो क्या ममलूकुर्रहमान बर्क पूरी निष्ठा से चुनाव लड़ाएंगे।

यह सियासी टकराव सिर्फ एक सीट तक सीमित नहीं है। संभल में बर्क और नवाब, दोनों परिवारों का प्रभाव आसपास की सीटों असमौली, गुन्नौर और चंदौसी तक फैला हुआ है। स्थानीय राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, अगर यह विवाद खुली बगावत में बदलता है तो इसका असर कम से कम तीन से चार विधानसभा क्षेत्रों में सपा के वोट बैंक पर पड़ सकता है। 2017 के चुनाव में पार्टी को आंतरिक कलह का खामियाजा भुगतना पड़ा था, जब कई सीटों पर बागी उम्मीदवारों ने नुकसान पहुंचाया था। अखिलेश यादव इस अनुभव को दोहराना नहीं चाहेंगे।

संभल में हालिया हिंसा के बाद जियाउर्रहमान बर्क एक मुखर नेता के रूप में उभरे हैं। उन्होंने संसद से लेकर सड़क तक अल्पसंख्यक मुद्दों को उठाया, जिससे उन्हें युवाओं और खासकर मुस्लिम मतदाताओं के बीच नई पहचान मिली है। पार्टी के अंदर उन्हें सपा की मुस्लिम राजनीति के उभरते चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, नवाब इकबाल महमूद का कद एक अनुभवी नेता का है, जो मुलायम सिंह यादव की सरकार में मंत्री रह चुके हैं और संगठन में गहरी पकड़ रखते हैं। यही वजह है कि अखिलेश यादव के लिए किसी एक पक्ष को नाराज करना आसान फैसला नहीं है।

आंकड़े साफ इशारा करते हैं कि संभल में सपा की जीत का अंतर धीरे-धीरे घट रहा है। 2012 में जहां पार्टी ने लगभग 18 प्रतिशत के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी, वहीं 2022 में यह अंतर सिमटकर करीब 13 प्रतिशत रह गया। अगर पार्टी के भीतर फूट पड़ती है तो यह अंतर और कम हो सकता है। भाजपा और बसपा दोनों ही इस मौके की ताक में हैं। भाजपा पहले ही पश्चिमी यूपी में सामाजिक इंजीनियरिंग के जरिए गैर-यादव ओबीसी और दलित वोटरों को साधने की कोशिश कर रही है, जबकि बसपा को मुस्लिम वोटों में सेंध लगाने का मौका मिल सकता है। अब सवाल यही है कि अखिलेश यादव इस उलझन को कैसे सुलझाते हैं। एक रास्ता यह हो सकता है कि वह दोनों परिवारों के बीच कोई समझौता कराएं, जैसे संगठन में एक को बड़ी जिम्मेदारी और टिकट दूसरे को। दूसरा विकल्प सर्वे के आधार पर टिकट देने का है, ताकि फैसला तथ्यों और आंकड़ों के सहारे लिया जा सके। लेकिन जिस तरह बयानबाजी तेज हो चुकी है, उससे मामला आसान नहीं दिखता। संभल की सियासत एक बार फिर उसी मोड़ पर खड़ी है, जहां एक गलत कदम पूरी रणनीति पर भारी पड़ सकता है। 2027 का चुनाव भले ही दूर हो, लेकिन संभल ने अभी से अखिलेश यादव की सियासी परीक्षा लेना शुरू कर दिया है।

-वरिष्ठ पत्रकार

## विदेश की खबरें

### रूस के साथ युद्ध में अबतक यूक्रेन के करीब 55 हजार सैनिक मारे गए : जेलेंस्की

**कीव :** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने खुलासा किया कि करीब चार साल से रूस के साथ जारी युद्ध में अबतक उनके 55 हजार सैनिक मारे गए हैं। इस बीच, करीब चाल साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए रूस और यूक्रेन के वार्ताकारों ने अमेरिका की मध्यस्थता में बृहस्पतिवार को अबू धाबी में लगातार दूसरे दिन बातचीत की। यह बातचीत ऐसे समय हुई जब रूस ने यूक्रेन के बिजली नेटवर्क को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है ताकि नागरिकों को बिजली से वंचित कर उनके मनोबल को तोड़ा जा सके। इस समय दोनों देशों के बीच यूक्रेन के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में करीब 1,000 किलोमीटर (600 मील) लंबी अग्रिम पंक्ति पर लड़ाई जारी है। जेलेंस्की ने बुधवार रात को एक फ्रांसीसी चैनल को दिये साक्षात्कार में कहा, 'करीब चार साल पहले रूस के आक्रमण के बाद से अबतक यूक्रेन के 55,000 सैनिक मारे गए हैं। बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिन्हें यूक्रेन लापता मानता है।' बैठक में मौजूद यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के प्रमुख रुस्तम उमेरोव ने बताया संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में हो रही वार्ता में रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों के साथ अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर भी शामिल हुए। विटकॉफ और कुशनर पिछले महीने भी अबू धाबी में हुई वार्ता में शामिल हुए थे। ट्रंप प्रशासन दोनों देशों के बीच समझौता कराने का प्रयास कर रहा है। उस समय, जेलेंस्की ने पूर्वी यूक्रेन के डोनबास औद्योगिक क्षेत्र पर किसका नियंत्रण होगा, इस मुद्दे को 'महत्वपूर्ण' बताया था। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बातचीत में हुई प्रगति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

### बांग्लादेश में हमले बढ़ने, राष्ट्रीय चुनाव नजदीक आने को लेकर हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय में डर का माहौल

**ढाका :** बांग्लादेश में हाल के महीनों में हिंदुओं पर हुए हमले को मानवाधिकार समूह और हिंदू नेता 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनावों से पहले बढ़ते ध्रुवीकरण और इस्लाम समर्थकों के पुनरुत्थान के तौर पर देख रहे हैं। कपड़े की एक फैक्टरी में काम करने वाले दीपू चंद्र दास (27) पर दिसंबर में कई मुस्लिम सहकर्मियों ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया था। इन आरोपों के बाद हिंसक भीड़ उसके कार्यस्थल पर उमड़ पड़ी और पीटकर हत्या कर दी। उसके शव को पेड़ से लटकाकर आग लगा दी गई। पूरे देश में, अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्यों ने घटना के रिकॉर्ड किये गए दृश्यों को अपने मोबाइल फोन पर देखा और सहम गए।

## वर्ग पहेली नं. 3343



*ऊपर से नीचे:-* 1) अंडबंड, 2) ऊसर, 3) टोली, 4) एक पेय, 5) एक नदी, 6) कामधंधा, 8) मज़ाक, 11) चने का आटा, 12) विवशत:, 14) निर्मल, 16) सोकर उठना, 17) महोदय, 20) एक राशि, 21) ज़ीना, 23) गुलामी, 25) तपा हुआ, 26) प्रभाव; असर, 28) गुट.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 2) चारो तरफ़ से घिरा हुआ; आम हड़ताल, 4) एक संख्या, 7) बाढ़ग्रस्त, 9) संपूर्ण, 10) पाषाण, 11) बिना तने का पौधा, 12) विष्ठा, 13) श्रृंगार, 15) अवैध, 17) लोग, 18) पैर, 19) डूबना, 20) एक पवित्र पौधा, 22) कंगाल, 24) एक मीनघाती पक्षी, 27) प्रमाणपत्र; *लाइसैंस,* 29) एक फल, 30) किसी तरह से; जैसे तैसे.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | ल | ट | ना | | मी | या | द | | ख़ा |
| ठा | | प | च | प | न | | गा | य | ब |
| प | द | क | | सा | के | त | | श | र |
| ट | | ना | ज़ | | त | ल | वा | | दा |
| क | च | | ह | न | न | | क़ | रा | र |
| | ट | क्र | र | | | आ | या | म | |
| खो | खा | | | क | पा | स | | | फ़ |
| प | रा | व | लं | बी | | मा | र | फ़ | त |
| ड़ी | | ग | | र | ज | नी | | | ह |

## सुडोकू-पहेली-3301

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 7 | 8 | | |
| 8 | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | | | | | 7 | 9 |
| | 1 | | | 5 | | | | |
| 7 | | 6 | 2 | 9 | 3 | | | |
| | 8 | | | | | | 5 | |
| | 6 | | 4 | | | | 9 | |
| | | 1 | 9 | 6 | 8 | | | |
| 3 | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3300 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 7 | 9 | 8 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 6 | 8 | 3 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 9 | 4 | 3 | 2 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 |
| 5 | 1 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 9 | 7 |
| 8 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 9 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 |

# भूमि देने में कोई आपत्ति नहीं पर बीएसएफ अधिकार क्षेत्र संबंधी नियम केंद्र को वापस लेना होगा : ममता

**✒ राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्र व भाजपा पर बोला हमला**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए भूमि देने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन केंद्र को पहले राज्य में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने के 'मनमाने' फैसले को रद्द करना होगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा में चर्चा के दौरान, मुख्यमंत्री ने केंद्र व भाजपा द्वारा राज्य सरकार पर सीमा बाड़ लगाने में बाधा डालने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि बीएसएफ सहित सभी केंद्रीय एजेंसियों को पहले ही भूमि आवंटित की जा चुकी है। राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि भूमि कोई समस्या नहीं होगी। आपको भूमि मिल जाएगी, लेकिन पहले बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने के मनमाने नियम को बदलें। उन्होंने सीधे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि वह इस बात का पूरा आंकड़ा नहीं दे रहे हैं कि राज्य ने कितनी जमीन पहले ही आवंटित की है। उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर रक्षा प्रतिष्ठानों तक सभी केंद्रीय एजेंसियों को भूमि दी जा चुकी है। भाजपा द्वारा घुसपैठ का बार-बार उल्लेख करने का जिक्र करते हुए, मुख्यमंत्री ने 'सिर्फ सुरक्षा तक सीमित दृष्टिकोण' को लेकर सवाल उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे केवल एक शब्द समझते हैं-घुसपैठ। क्या युवा और नए मतदाताओं का नामांकन नहीं होगा? उन्होंने दलील दी कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अत्यधिक सुरक्षा व्यवस्था लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और आम लोगों के जीवन को बाधित कर सकती है। ममता ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने कई गृह मंत्री देखे हैं और उन्हें शासन का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है। घुसपैठ के मुद्दे और रोहिंग्या से जुड़े आरोपों पर ममता ने भाजपा को सबूत पेश करने की चुनौती दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्या आपको एक भी रोहिंग्या मिला है? 2024 में इसी मतदाता सूची पर चुनाव हुए थे। अगर कोई समस्या थी, तो प्रधानमंत्री से इस्तीफा मांगिए।

## घुसपैठ से बदल रही जनसांख्यिकी, तुष्टीकरण के कारण सुरक्षा से समझौता : शुभेंदु



वहीं, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा की अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया। राज्यपाल के संक्षिप्त अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान शुभेंदु ने घुसपैठ और जनसांख्यिकीय बदलाव को लेकर सत्ता पक्ष पर तीखे हमले किए। शुभेंदु ने दावा किया कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कंटीले तार लगाने के लिए लगातार जमीन की मांग कर रही है, लेकिन राज्य सरकार की असहयोगात्मक और तुष्टीकरण की नीति के कारण यह महत्वपूर्ण कार्य अटका हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध घुसपैठ के कारण बंगाल की डेमोग्राफी (जनसांख्यिकी) खतरनाक रूप से बदल रही है, जो भविष्य के लिए बड़ा संकट है। अधिकारी ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस के मात्र साढ़े चार मिनट के भाषण की पठनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार सच को छिपाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दल केवल अपने वोट बैंक को बचाने के लिए घुसपैठियों को संरक्षण दे रहा है। जब उन्होंने घुसपैठ का मुद्दा उठाया, तो सदन में भारी हंगामा हुआ। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि राज्य की जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले चुनावों में भाजपा बंगाल में मजबूती से उभरेगी और घुसपैठ जैसी समस्याओं का समाधान केवल एक राष्ट्रवादी सरकार ही कर सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के विकास की बातें केवल कागजी हैं और धरातल पर केंद्र की योजनाओं को बाधित किया जा रहा है।

# बंगाल सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध : राज्यपाल

**✒ हंगामे के बीच शुरू हुआ विधानसभा का बजट सत्र, राज्यपाल ने नहीं पढ़ा पूरा अभिभाषण**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार लोकतांत्रिक और मौलिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए दृढ़ता से खड़ी रही है तथा सर्वांगीण विकास के लिए मजबूत और समावेशी वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्यपाल दोपहर 12.30 बजे से कुछ पहले विधानसभा पहुंचे और अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान अध्यक्ष बिमान बनर्जी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मौजूद थीं। सदन में प्रवेश के साथ ही नारेबाजी शुरू हो गई। लगातार शोरगुल के बीच राज्यपाल ने अपना संबोधन शुरू किया, लेकिन कुछ ही देर में उसे बीच में छोड़ दिया। अपने अभिभाषण में राज्यपाल ने चुनौतियों का सामना करने और निराशावाद को खारिज करने के लिए राज्य सरकार की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, भू-राजनीतिक अस्थिरता और जलवायु चुनौतियों के समय में, मेरी सरकार हमारे लोगों के लोकतांत्रिक और मौलिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए दृढ़ता से खड़ी है। उन्होंने कोलकाता को लगातार 'भारत का सबसे सुरक्षित शहर' का दर्जा मिलने के लिए राज्य सरकार की तारीफ की। राज्यपाल ने रोजगार के नये अवसर सृजित करने के मकसद से व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई पहल करने को लेकर भी सरकार की तारीफ की। उन्होंने कहा कि छह नये आर्थिक गलियारे और ताजपुर बंदरगाह एक बड़ी जीवनरेखा होंगे और समुद्री परिवहन को बहुत बढ़ावा देंगे। राज्यपाल ने मंत्रिमंडल द्वारा तैयार आठ पृष्ठों के भाषण में से केवल पहले तीन पृष्ठ पढ़े। 'घाटाल मास्टर प्लान, जो केंद्र सरकार के कारण लंबे समय से रुका हुआ है' पंक्ति पढ़ने के बाद उन्होंने कहा कि मैं अब और नहीं पढ़ूंगा, और आसन पर बैठ गए। विधानसभा सूत्रों के अनुसार, पूरे आठ पृष्ठों के भाषण में राज्य की विभिन्न परियोजनाओं की प्रशंसा के साथ एमजीएनआरईजीए को लेकर केंद्र पर आरोप भी शामिल थे, लेकिन राज्यपाल ने उन हिस्सों को नहीं पढ़ा। हालांकि, राज्यपाल का अभिभाषण शोरगुल के बीच खत्म हुआ, जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी द्वारा उन्हें औपचारिक रूप से विधानसभा से बाहर ले जाते समय सत्ता पक्ष के सदस्यों ने 'जय बांग्ला' के नारे लगाए, जबकि विपक्षी विधायकों ने 'जय श्री राम' के नारे लगाए।

# बंगाल का बजट चार लाख करोड़ के पार, वित्तीय संकेतकों में सुधार : अमित मित्रा

## कहा... 'बंगाल में तृणमूल के कार्यकाल में किसानों के लिए बजटीय सहायता 13 गुना बढ़ी'



**कोलकाता, समाज्ञा :** पिछले एक दशक में पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय विस्तार दर्ज किया गया है और चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राज्य का बजट आकार रिकॉर्ड स्तर पर चार लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। विधानसभा में लेखानुदान पेश होने के बाद, मीडिया को संबोधित करते हुए मित्रा ने कहा कि 2010-11 में जहां राज्य का कुल बजट आकार लगभग 84 हजार करोड़ था, वहीं अब यह करीब पांच गुना बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यह मौजूदा सरकार के कार्यकाल में राज्य की अर्थव्यवस्था के व्यापक विस्तार को दर्शाता है। अमित मित्रा के अनुसार, राज्य के स्वयं के कर संग्रह में भी बड़ा इज़ाफा हुआ है। यह 2010-11 में 21,129 करोड़ रुपये से बढ़कर मौजूदा बजट में अनुमानित एक लाख 18 हजार 669 करोड़ तक पहुंच गया है, यानी 5.4 गुना वृद्धि। इसी अवधि में राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद भी लगभग चार गुना बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने पूंजीगत व्यय को विकास का प्रमुख संकेतक बताते हुए कहा कि पूंजीगत खर्च 2010-11 के 2,226 करोड़ से बढ़कर अब करीब 43 हजार करोड़ रुपये हो गया है, जो 18.5 गुना की वृद्धि है। वर्तमान में, राज्य के कुल पूंजीगत व्यय का 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सा परिसंपत्ति निर्माण पर खर्च किया जा रहा है, जिससे उधार लिए गए धन को बुनियादी ढांचे और सामाजिक परिसंपत्तियों में बदला जा रहा है। मित्रा ने कहा कि 'मा, माटी, मानुष' सरकार ने किसानों, सामाजिक सेवाओं और बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी है। तृणमूल कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद से किसानों के लिए बजटीय सहायता में 13 गुना वृद्धि हुई है। वहीं, सामाजिक सेवाओं पर खर्च 11 गुना और भौतिक बुनियादी ढांचे पर व्यय 10 गुना बढ़ा है। राज्य के वित्तीय प्रबंधन का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने वित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों का पालन किया है। उनके मुताबिक, राजकोषीय घाटा 4.24 प्रतिशत से घटकर 2.91 प्रतिशत पर आने की राह पर है, यानी लगभग 32 प्रतिशत की कमी। वहीं, राजस्व घाटा 3.75 प्रतिशत से घटकर 1.01 प्रतिशत रह गया है और इसे लगभग शून्य पर लाने का लक्ष्य है। अमित मित्रा ने यह भी कहा कि राज्य का कुल कर्ज सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में 40.75 प्रतिशत से घटकर 37.98 प्रतिशत हो गया है। इसके अलावा, मौजूदा सरकार ने पिछली सरकार से विरासत में मिले ऋण पर अब तक करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये की मूलधन और ब्याज राशि का भुगतान किया है। रोजगार के मोर्चे पर उन्होंने भारत सरकार के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि 2017-18 से 2023-24 के बीच पश्चिम बंगाल में बेरोजगारी दर में 45.65 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

# तृणमूल ने एसआईआर के खिलाफ विधानसभा में पेश किया प्रस्ताव, अध्यक्ष ने चर्चा की नहीं दी अनुमति

**✒ तृणमूल का दावा, एसआईआर के तनाव से 107 लोगों की हुई मौत**

**✒ शुभेंदु अधिकारी ने सरकार पर अंतिम समय में प्रस्ताव को बदलने का लगाया आरोप**



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर प्रस्तावित चर्चा को लेकर गुरुवार को तीखी राजनीतिक खींचतान देखने को मिली, हालांकि विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित रहने के कारण इस मुद्दे पर चर्चा की अनुमति नहीं दी। दरअसल, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने एसआईआर की प्रक्रिया पर चर्चा का अनुरोध किया था और यह तर्क दिया था कि इसके (एसआईआर के) कारण 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को व्यापक स्तर पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, अध्यक्ष ने कहा कि सदन इस मुद्दे पर विचार नहीं करेगा, क्योंकि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है और चर्चा राज्यपाल के संबोधन तक ही सीमित रहेगी। इसी बीच, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सरकार पर अंतिम समय में कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) के प्रस्ताव को बदलने का आरोप लगाया। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बीएसी का प्रस्ताव सुबह बताया गया था, लेकिन उसमें बदलाव कर दिया गया है। हमें बताया गया था कि एसआईआर पर चर्चा होगी और हम तैयारी के साथ आए थे। अब इसमें बदलाव किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने फिर अध्यक्ष से सदन के समक्ष कार्यसूची रखने का अनुरोध किया। इससे पूर्व राज्य के संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय ने एसआईआर प्रक्रिया पर चर्चा की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। नियम 169 के तहत प्रस्ताव पेश करते हुए चट्टोपाध्याय ने दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया से मतदाताओं को परेशान किया गया और मानसिक तनाव के कारण 107 लोगों की मौत हो गई। निर्वाचन आयोग की आलोचना करते हुए उन्होंने दावा किया कि राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग 'परेशान करने का आयोग' बन गया है। अध्यक्ष ने इस प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मामला अभी उच्चतम न्यायालय में लंबित है, इसलिए सदन इसपर विचार-विमर्श नहीं कर सकती।

**✒ एसआईआर एनआरसी के पीछे का दरवाजा, आप कई सीट हारेंगे : ममता**

वही, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा करते हुए कहा कि एसआईआर प्रक्रिया की डर से हर रोज 3 से 4 लोग खुदखुशी कर रहे हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया को एनआरसी को लाने वाला पीछे का दरवाजा बताया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार और भाजपा पर तंज कसा है। साथ ही, चुनाव आयोग पर भी आरोप लगाया है कि वह इस मामले में निष्पक्ष भूमिका निभाने पर खरा नहीं उतरा है और केंद्र सरकार के इशारों पर कार्य कर रहा है। जिन लोगों की इस प्रक्रिया के दौरान मौतें हुई है, उनकी नैतिक जिम्मेदारी आयोग और केंद्र सरकार को लेने के लिया कहा गया है। मुख्यमंत्री ने आगामी 2026 विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा बंगाल में 'जीरो' थी और 'जीरो' ही रहेगी। ममता ने सुवेंदु अधिकारी पर तंज कसते हुए कहा आप कई सीट हारेंगे। उन्होंने केंद्र पर बंगाल के हक का पैसा (मनरेगा फंड) रोकने का आरोप लगाते हुए इसे 'आर्थिक नाकेबंदी' करार दिया।

# शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा में पेश 'लेखा अनुदान मांग' को बताया 'फर्जी दस्तावेज'

## नेता प्रतिपक्ष का दावा, भाजपा सत्ता में आती हैं तो 'लक्ष्मी भंडार' की राशि 3,000 करेगी

**✒ कहा... 'ममता सरकार का बजट बेरोजगार विरोधी'**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की मुख्य विपक्षी भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा विधानसभा में पेश 'लेखा अनुदान मांग' की आलोचना करते हुए इसे 'झूठा और लक्ष्यहीन दस्तावेज' करार दिया। उन्होंने दावा किया कि यह दस्तावेज चुनाव से प्रेरित वादों से भरा है और जिन्हें कानूनी रूप से लागू करना असंभव है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकांश घोषणाएं भ्रामक हैं क्योंकि आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के बाद उन्हें क्रियान्वित नहीं किया जा सकता। शुभेंदु ने कहा कि अंतिम मतदाता सूची (14 फरवरी को) प्रकाशित होने के बाद, एमसीसी को किसी भी समय लागू किया जा सकता है। एमसीसी के तहत, सरकार वित्तीय लाभों में वृद्धि नहीं कर सकती है या लाभार्थियों की संख्या नहीं बढ़ा सकती है। भाजपा नेता ने लेखा अनुदान मांग को केवल चार महीने की व्यवस्था बताया, जिसका उद्देश्य वेतन जैसे नियमित खर्चों को पूरा करना था।

उन्होंने कहा कि अप्रैल से लागू होने वाले वादे 'धोखे के सिवा कुछ नहीं' हैं। नेता प्रतिपक्ष ने बजट को 'बेरोजगार विरोधी' करार देते हुए आरोप लगाया कि इसमें रोजगार के कोई ठोस लक्ष्य निर्धारित नहीं हैं। शुभेंदु अधिकारी ने कथित तौर पर 'युवाश्री' योजना का नाम बदलकर 'युवा साथी' किये जाने की आलोचना की और इसे 'चालाकी और धोखा' करार दिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जॉब पोर्टल और युवा भत्ते के वादे बार-बार नाम बदल कर छोड़ दिये गए थे और अबतक इनपर कोई अमल नहीं हुआ है। उन्होंने दावा किया कि अंतरिम बजट में महिलाओं की सुरक्षा का कोई जिक्र नहीं है और आरोप लगाया कि सरकार मूलभूत सामाजिक चिंताओं को दूर करने में विफल रही है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत वित्तीय सहायता बढ़ाने की संभावना को तलाशने के लिए एक समिति गठित करेगी। उन्होंने संकेत दिया कि सहायता राशि बढ़ाकर 3,000 रुपये प्रति माह की जा सकती है। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सरकार सत्ता संभालने के छह महीने के भीतर रोजगार संबंधी मुद्दों का समाधान करेगी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-35-2025-26, दिनांक 02.02.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, पहली मंजिल, डीआरएम कार्यालय, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. : ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-35-2025-26, कार्य का नाम :** "सीमित ऊँचाई के सबवे (एलएचएस) के निर्माण द्वारा सियालदह मंडल के तहत राणाघाट-बनगांव शाखा में लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 15, कालीनारायणपुर-शांतिपुर शाखा में गेट नं. 59/सी/1 और 59/सी/5, कालीनारायणपुर-कृष्णनगर शाखा में गेट नं. 62 एवं 62 ए और राणाघाट-गेदे शाखा में गेट नं. 69 को हटाये जाने" के संबंध में 25 केवी ओएचई और संबंधित विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.84,41,634.20, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि :** रु.1,68,800/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि :** दिनांक 25.02.2026 को 15.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। SDAH-379/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Tender Notice**

Prodhan, Ramchandrakhali Gram Panchayat has invited Tender for 3(Three) different works from CFCG fund and 3 (Three) work from APAS Fund through e-Tender. The detailed information will be available at said Gram Panchayat Office www.wbtenders.gov.in website till 13/02/2026 and 21/02/2026.

Sd/-
Prodhan
Ramchandrakhali Gram Panchayat

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 265_2025-26 और 266_2025-26, दिनांक: 03.02.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/4/ हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 265_2025-26, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,93,89,505/-, **बयाना राशि :** रु. 2,47,000/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 266_2025-26, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ मंडल अभियंता/4/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति एवं पर्यवेक्षण सहित एल्यूमिनो थर्मिट एसकेवी प्रक्रिया द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,02,57,936/-, **बयाना राशि :** रु. 2,01,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 25.02.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-586/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सं. ईसी/टी/वीटीए-इंजन/ओटी-30/25-26, दिनांक 02.02.2026,** उप मुख्य विद्युत अभियंता/लोको, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, पिन-743145 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: ईसी_टी_वीटीए_ओटी-30_25-26, कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** 01 वर्ष की अवधि के लिए खुली निविदा के आधार पर उप सीईई/डब्ल्यू/केपीए संगठन के शॉप 15 के अंतर्गत सी एंड डब्ल्यू, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, पूर्व रेलवे में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दो (02) अदद 8-व्हीलर डीईटीसी टाइप टावर वैगन के 02 अदद वीटीए 1710 एल इंजन का ओवरहॉलिंग (जीर्णोद्धार) कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 59,39,465.94 (जीएसटी सहित)। **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **वेबसाइट जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा:** निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 02.02.2026 से 25.02.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। **बयाना राशि जमा की जाएगी:** रु. 1,18,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 02.02.2026 से 25.02.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** दिनांक 11.02.2026 से 25.02.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 25.02.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 25.02.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक। MISC-387/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Notice Inviting e-Tender**

e-Tender are hereby invited from the bonafied and resourceful bidders vide **NIT No-359/FSDA/Jangipara/25-26** for 09 nos. works, **Date-02.02.2026** by the undersigned through Online mode (**https://wbtenders.gov.in**). Last date of submission of online bid on **10 Feb 2026 15:00 Hrs.**

**Sd/-**
**Block Development Officer**
**Jangipara Development Block**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**AIREX की विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना सं: 23-यांत्रिक-बिलासपुर-एआई-रोलिंग-इन, दिनांक: 30.01.2026. कार्य का नाम :** खुली निविदा के माध्यम से टर्नकी आधार पर बिलासपुर यार्ड के लाइन नं. 4 पर एआई बेस्ड रोलिंग-इन परीक्षण (AIREX) की सप्लाई, इन्सटालेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग का कार्य।

**निविदा मूल्य : ₹ 70,31,325/-** (रूपये सत्तर लाख इकतीस हजार तीन सौ पच्चीस मात्र) समस्त खर्चों एवं जीएसटी सहित)।

**अमानत राशि : ₹ 01,40,600/-** (रूपये एक लाख चालीस हजार छः सौ मात्र)।

**निविदा खुलने की तिथि व समय :** दिनांक **25.02.2026 को दोपहर 15:30** बजे खोले जाएंगे।

उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है । उपरोक्त निविदा हेतु ई-निविदा के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी ।

**वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी**
**सीपीआर/10/670 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर**

South East Central Railway @secrail

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डीईएन-3/डब्ल्यू-II, दिनांक 04.02.2026,** मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-179-25-26, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी.वे/भगवानगोला में विभिन्न ट्रैक रखरखाव कार्यों के साथ सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.1,05,92,081.66, **बयाना राशि :** रु. 2,03,000/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 27.02.2026 को 15.00 बजे। (1) निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (2) **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 27.02.2026 को 15.30 बजे है। SDAH-382/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण/खड़गपुर-721301 द्वारा मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है एवं 15.30 बजे खोली जाएगी। **क्रम सं., निविदा सूचना सं., कार्य का विवरण, निविदा मूल्य एवं बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1) टीआरडी-केजीपी-डब्ल्यू-2025-26-46, दिनांक 04.02.2026,** आंदुल यार्ड के कार्य के लिए विद्युत/टीआरडी : यार्ड रीमॉडलिंग द्वारा पीएसआर 110 किमी प्रति घंटे को हटाना, ड्रेनेज सिस्टम में भी सुधार (आंदुल यार्ड : डायमंड पॉइंट क्रॉसिंग के उन्मूलन द्वारा पीएसआर 65 किमी प्रति घंटे को हटाना और यार्ड रीमॉडलिंग, ड्रेनेज सिस्टम में भी सुधार), रु. 83,31,606.45, रु. 1,66,600/-, **(2) टीआरडी-केजीपी-डब्ल्यू-2025-26-48, दिनांक 04.02.2026,** उलुबेड़िया (यूएलबी) के कार्य के लिए विद्युत/टीआरडी: उलुबेड़िया स्टेशन पर डाउन मेन, मिडिल लाइन और अप मेन लाइन के सीएसएल को बढ़ाना और हावड़ा छोर पर ईएमयू स्टेबलिंग लाइन के लिए सिग्नलिंग सुविधा के साथ-साथ टावर वैगन शेड को ईएमयू स्टेबलिंग लाइन से जोड़ना और सिग्नलिंग सुविधा का प्रावधान, रु. 1,01,53,695/-, रु.2,00,800/-, **(3) टीआरडी-केजीपी-डब्ल्यू-2025-26-51, दिनांक 04.02.2026,** बगनान (बीजेडएन) के कार्य के लिए विद्युत/टीआरडी : बगनान स्टेशन के अप मेन लाइन और अप लूप लाइन के सीएसएल को बढ़ाना (पूर्वी और पश्चिमी छोर), रु. 1,03,40,488.98, रु. 2,01,700/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य (क्रम सं. 1 से 3 हेतु)। **खुलने की तिथि :** 16.03.2026 (क्रम सं. 1 हेतु), 17.03.2026 (क्रम सं. 2 हेतु) और 18.03.2026 (क्रम सं. 3 हेतु), **समापन अवधि:** 12 माह (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु), **जमा करने की तिथि:** 16.03.2026 को 15.00 बजे तक (क्रम सं. 1 हेतु), 17.03.2026 को 15.00 बजे तक (क्रम सं. 2 हेतु) और 18.03.2026 को 15.00 बजे तक (क्रम सं. 3 हेतु)। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण, वर्णन, विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं (क्रम सं. 1 से 3 हेतु)। इस कार्य के लिए कोई मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। **(PR-1149)**

**Government of West Bengal**
**O/o The Deputy Director of Textiles (Handlooms etc), Kolkata Division, Kolkata.**
**NOTICE INVITING e-TENDER**
**NIT No:- DDKOLKATA/NIT03(e) /2025-26 Dated: 06/02/2026**

e-Tender is hereby invited from the reputed & bonafide Manufacturers /Suppliers/Organizations/Firms to supply New MACHINERIES & TOOLS with EQUIPMENTS related to Readymade Garments Unit for **Jalkhura Readymade Garments Samabay Samity Ltd. under the zone of O/o The Deputy Director of Textiles (Handlooms etc), Kolkata Division, Kolkata, Govt. of West Bengal within 5:00 pm of 20th February 2026. The detail of the tender is available in the Website** https://wbtenders.gov.in

Sd/-
The Deputy Director of Textiles (Handlooms etc), Kolkata Division, Kolkata.

**NOTICE INVITING TENDER**

**Ref. e-NIT NO.: 2026_ZPHD_1000138_1.**

A Tender **(Notice- 260, Dated- 05.02.2026)** containing one number scheme for construction work under Kalna-II Development Block, Purba Bardhman has been floated ammounting to **Rs. 11.68673 lakh. Fund- MA & ME.**

Bid Submission end on :-**21/02/2026 at 04.00 P.M.**

Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**

Please look for details in the undersigned office notice board.

**Sd/-**
**Block Development Officer**
**Kalna-II Development Block**
**Singerkone, Purba Bardhaman**

**कुछ ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव**

यात्रियों की सुविधा के लिए, निम्नलिखित ट्रेनें संबंधित स्टेशनों पर नीचे वर्णित समयसूची के अनुसार प्रायोगिक आधार पर रुकेंगी:-

| ट्रेन नं. एवं नाम | स्टेशन | समयसूची | | जिस तिथि से |
|---|---|---|---|---|
| | | आ. | प्र. | ठहराव प्रभावी |
| 18183 टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 10.02.2026) | अनारा | 10.09 | 10.10 | 10.02.2026 |
| 18184 बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 10.02.2026) | अनारा | 14.37 | 14.38 | 10.02.2026 |
| 13505 दीघा-आसनसोल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 15.02.2026) | चन्द्रकोणा रोड | 18.34 | 18.35 | 15.02.2026 |
| | छतना | 19.50 | 19.51 | 15.02.2026 |
| | गड़बेता | 18.43 | 18.44 | 15.02.2026 |
| | ओन्दाग्राम | 19.20 | 19.21 | 15.02.2026 |
| | सालबोनी | 18.25 | 18.26 | 15.02.2026 |
| 13506 आसनसोल-दीघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 15.02.2026) | चन्द्रकोणा रोड | 08.26 | 08.27 | 15.02.2026 |
| | छतना | 07.12 | 07.13 | 15.02.2026 |
| | गड़बेता | 08.16 | 08.17 | 15.02.2026 |
| | ओन्दाग्राम | 07.44 | 07.45 | 15.02.2026 |
| | सालबोनी | 08.35 | 08.36 | 15.02.2026 |
| 18603 राँची-गोड्डा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 14.02.2026) | झालिदा | 16.03 | 16.04 | 14.02.2026 |
| 18604 गोड्डा-राँची एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 11.02.2026) | झालिदा | 03.20 | 03.21 | 12.02.2026 |
| 28181 टाटानगर-कटिहार एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 11.02.2026) | जयचंडी पहाड़ | 23.48 | 23.50 | 11.02.2026 |
| 28182 कटिहार-टाटानगर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 10.02.2026) | जयचंडी पहाड़ | 02.48 | 02.50 | 11.02.2026 |
| 15709 मालदा टाउन-न्यू जलपाईगुड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.2026) | पांजीपाड़ा | 18.22 | 18.23 | 07.02.2026 |
| 15710 न्यू जलपाईगुड़ी-मालदा टाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.2026) | पांजीपाड़ा | 08.27 | 08.28 | 07.02.2026 |
| 13053 हावड़ा-राधिकापुर कुलिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.2026) | बंगालबाड़ी | 17.53 | 17.55 | 07.02.2026 |
| 13054 राधिकापुर-हावड़ा कुलिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.2026) | बंगालबाड़ी | 06.10 | 06.12 | 07.02.2026 |

**टिप्पणी:** इन ट्रेनों की समयसूची अन्य सभी स्टेशनों पर अपरिवर्तित रहेगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# माध्यमिक परीक्षा के उत्तरपत्रों में नाम-रोल नंबर छुपाकर मूल्यांकन की मांग, हाई कोर्ट ने राज्य से मांगी रिपोर्ट



**कोलकाता, समाज्ञा :** माध्यमिक परीक्षा के उत्तरपत्रों का मूल्यांकन करते समय परीक्षार्थियों का नाम और रोल नंबर छुपाया जाए, इस मांग को लेकर दायर जनहित याचिका में कोलकाता हाई कोर्ट ने राज्य का रुख जानने के लिए डिविजन बेंच से पूछा। मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायाधीश पार्थ सारथी सेन की बेंच ने राज्य को तीन सप्ताह के अंदर अपनी प्रतिक्रिया देने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता का दावा है कि यदि उत्तरपत्र में परीक्षार्थी का नाम या रोल नंबर मौजूद रहेगा तो मूल्यांकन के दौरान पक्षपात की संभावना बनी रहती है। इसलिए, नाम और रोल नंबर दोनों हटाकर मूल्यांकन किया जाना चाहिए। इसके जवाब में राज्य की ओर से कहा गया कि अब तक इस तरह के किसी पक्षपात की कोई शिकायत नहीं आई है। बल्कि, यदि किसी परीक्षार्थी ने रोल नंबर लिखने में गलती की हो, तो नाम देखकर उसे सुधारा जाता है। मध्य शिक्षा परिषद के वकील ने कहा कि पिछले सात दशकों से स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर यही प्रथा अपनाई जा रही है और कभी कोई शिकायत नहीं मिली। अदालत में बताया गया कि इस विषय पर निर्णय लेने का अधिकार राज्य सरकार या शिक्षा विभाग के पास है। आवश्यकता पड़ने पर नीति निर्धारण के लिए एक समिति बनाने की भी बात उठी। राज्य की ओर से कहा गया कि इस मामले में राज्य की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं है। सभी पक्षों के बयान सुनने के बाद अदालत ने निर्देश दिया कि उत्तरपत्र मूल्यांकन से पहले परीक्षार्थियों के नाम और रोल नंबर छुपाना संभव है या नहीं, इसे शिक्षा विभाग जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

# बर्दवान में परीक्षा अधिकारी पर हमले के आरोप में प्रधानाध्यापक समेत आठ निलंबित

**पूर्व बर्दवान :** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने जिले के आझापुर हाई स्कूल में हुई हिंसक घटना और परीक्षा नियमों के गंभीर उल्लंघन को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। बोर्ड ने शुक्रवार से शुरू हो रही माध्यमिक परीक्षाओं को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से स्कूल के प्रधानाध्यापक सहित सात शिक्षकों और एक ग्रुप-डी कर्मचारी को निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, बीते मंगलवार को अंग्रेजी परीक्षा के दौरान स्कूल के एक ग्रुप-डी कर्मचारी का मोबाइल फोन परीक्षा कक्ष में बज उठा। इस पर, आपत्ति जताने पर परीक्षा केंद्र के ऑफिसर-इन-चार्ज के साथ प्रधानाध्यापक कक्ष में




मारपीट की गई थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए बोर्ड ने तत्काल प्रभाव से संबंधित सभी कर्मियों को परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी से हटा दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक (माध्यमिक) कार्यालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद परीक्षा संचालन के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। पास के पर्वतपुर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक को आझापुर हाई स्कूल का नया वेन्यू सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है। साथ ही, परीक्षा व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए आसपास के स्कूलों से दस अतिरिक्त शिक्षकों की तैनाती की गई है। घायल ऑफिसर-इन-चार्ज के अस्वस्थ होने के कारण उनके स्थान पर सहायक निरीक्षक को नया ऑफिसर-इन-चार्ज नियुक्त किया गया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि निलंबित कर्मियों के खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है और जिला विद्यालय निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में चार्जशीट दाखिल कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ब्लू लाइन पर एक व्यक्ति ने आत्महत्या का प्रयास किया, ट्रेन सेवाएं प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन पर रवीन्द्र सरोवर स्टेशन पर गुरुवार की शाम एक व्यक्ति ने ट्रेन आने के समय पटरी पर कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिसकी वजह से सेवाएं प्रभावित हुईं। एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि घटना शाम लगभग 4:46 बजे हुई, जिसकी वजह से सेवाएं एक घंटे के लिए बाधित रहीं। बयान के अनुसार बचाव अभियान पूरा होने के बाद 5:47 बजे सेवाएं सामान्य रूप से शुरू हुईं। व्यवधान के कारण लाइन पर केवल मैदान से दक्षिणेश्वर (उत्तर की ओर) और टॉलीगंज से बिरजी (दक्षिण की ओर) के बीच ही सेवाएं उपलब्ध थीं। आत्महत्या का प्रयास करने वाले व्यक्ति को पास के अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उसकी स्थिति के बारे में जानकारी नहीं मिली।

## प्राथमिक स्कूल काउंसिल को राहत, हाई कोर्ट ने सिंगल बेंच के आदेश पर लगाई रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने शिक्षक स्थानांतरण से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में हुगली जिला प्राथमिक स्कूल काउंसिल (डीपीएससी) को अंतरिम राहत प्रदान की है। अदालत ने सिंगल बेंच के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें काउंसिल को अवैध ठहराया गया था। डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया कि फिलहाल काउंसिल अपना नियमित कामकाज जारी रख सकेगी, हालांकि उसे मामले से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज अदालत में जमा करने होंगे। इससे पहले हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने टिप्पणी की थी कि काउंसिल का गठन और संचालन निर्धारित नियमों और कानूनी प्रक्रियाओं के अनुरूप नहीं हुआ। इस आधार पर काउंसिल के अस्तित्व पर सवाल उठाते हुए कहा गया था कि उसके पदाधिकारियों को प्रशासनिक निर्देश जारी करने का अधिकार नहीं है। इस फैसले से प्राथमिक शिक्षा से जुड़े कई कार्य ठप पड़ने की स्थिति बन गई थी। डिवीजन बेंच में सुनवाई के दौरान काउंसिल की ओर से अधिवक्ता विश्वब्रत बसु मल्लिक ने दलील दी कि डीपीएससी प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति, स्थानांतरण और अन्य प्रशासनिक कार्यों का प्रमुख निकाय है। आदेश के कारण पूरी प्रक्रिया बाधित हो गई थी और कर्मचारियों के समक्ष भी अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई थी। डिवीजन बेंच के ताजा आदेश से राज्यभर में प्राथमिक स्कूल काउंसिलों के कामकाज पर मंडरा रहा संकट फिलहाल टल गया है, जिससे शिक्षा प्रशासन को बड़ी राहत मिली है।

# राज्य बजट 2026-27 को उद्योग जगत ने बताया आत्मविश्वासी, विकासोन्मुख और सकारात्मक

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने वित्त वर्ष 2026-27 का राज्य बजट विधानसभा में पेश किया। इस बजट को उद्योग और व्यापार जगत ने जन-केंद्रित, व्यावहारिक और विकासोन्मुख बताते हुए सराहा। महिलाओं, युवाओं और रोजगार सृजन पर जोर देने के साथ-साथ अवसंरचना और आर्थिक स्थिरता पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।



**संजय बुधिया (एमडी, पैटन ग्रुप) :** पैटन ग्रुप के एमडी संजय बुधिया ने राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य द्वारा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत बजट को जन-केंद्रित, व्यावहारिक और प्रगतिशील बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री और उनकी टीम की इस दृष्टिकोण और रणनीतियों को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए सराहना और बधाई दी। संजय बुधिया ने कहा कि यह बजट महिलाओं के सशक्तिकरण, समावेशी विकास और रोजगार सृजन पर विशेष जोर देता है। बजट में लक्ष्मी भंडार में मासिक 500 रुपये की वृद्धि, पैरा शिक्षकों, आशा कार्यकर्ताओं और नागरिक स्वयंसेवकों के भत्तों में वृद्धि, तथा स्वस्थ साथी योजना में गिग वर्कर्स को शामिल करने जैसे कदम स्वागत योग्य हैं। इसके अलावा, 5 नए एमएसई इंडस्ट्रियल पार्क बनाने का प्रस्ताव रोजगार सृजन और संतुलित आर्थिक विकास के अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने इसे आत्मविश्वासी, निरंतर और विश्वसनीय बजट बताया और कहा कि यह अंतरिम बजट राज्य और उसके नागरिकों की विकास क्षमता को उजागर करता है तथा विकास एजेंडा को गति देगा।

**सुवंकर सेन (एमडी एवं सीईओ, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स) :** सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी एवं सीईओ सुवंकर सेन ने पश्चिम बंगाल राज्य बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट राज्य की महिलाओं और युवाओं की सामाजिक आवश्यकताओं तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ती मुद्रास्फीति की चुनौतियों का ध्यान रखता है। सुवंकर सेन ने कहा कि उद्योग के एक सदस्य के रूप में उनका उद्देश्य राज्य के युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने यह भी कहा कि वे सरकार के साथ मिलकर राज्य के विकास और प्रगति के लिए काम करेंगे और राज्य की अवसर-क्षमता का पूर्ण उपयोग करेंगे।

**प्रीति ए. सूरेका (अध्यक्ष, एमसीसीआई) :** मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की अध्यक्ष प्रीति ए.सूरेका ने वित्त वर्ष 2026-27 का राज्य बजट सकारात्मक और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय में 18.5 गुना वृद्धि सरकार की संपत्ति सृजन की सक्रिय भूमिका को दर्शाती है। साथ ही, राज्य का वित्तीय घाटा 32% कम हुआ है, जो वित्तीय स्थिरता का संकेत है। मुख्यमंत्री की प्रत्यक्ष नकद लाभ योजनाओं ने राज्य के जीडीपी को 2010-11 के मुकाबले पांच गुना बढ़ाकर 21.48 लाख करोड़ तक पहुंचाने में मदद की है। उन्होंने यह भी कहा कि भौतिक अवसंरचना निर्माण के लिए 10 गुना अधिक आवंटन उद्योग और रोजगार सृजन को विशेष बल देगा। सरकार ने यह भी जानकारी दी कि ऋण-से-जीडीपी अनुपात में कमी आई है और नई ऋण राशि का एक बड़ा हिस्सा संपत्ति निर्माण के लिए उपयोग किया जा रहा है। एमसीसीआई की अध्यक्ष ने कुल मिलाकर इस बजट को सकारात्मक, विकासोन्मुख और व्यवसायिक दृष्टिकोण से समर्थ बताया।

# संविदा शिक्षकों के विधानसभा अभियान को लेकर फैला तनाव, पुलिस के साथ धक्का-मुक्की

## वेतन बढ़ोतरी की मांग पर शिक्षकों ने निकाली रैली, पुलिस ने रोका

### ✒ रोके जाने पर शिक्षकों ने दिया धरना, विधायक नौशाद सिद्दीकी भी पहुंचे




**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में संविदा शिक्षकों के अलग-अलग संगठनों के संघ 'पार्श्व शिक्षक मंच' के सदस्यों ने गुरुवार को वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर राज्य विधानसभा की ओर जा रहे उनके मार्च को पुलिस द्वारा रोके जाने पर शहर के बउबाजार इलाके में धरना दिया। लगभग 500 प्रदर्शनकारी, जो कॉलेज स्क्वायर से शुरू होकर एस्प्लेनेड इलाके में विधानसभा की तरफ जा रहे थे, उन्हें सुबोध मलिक स्क्वायर पर रोक दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में गाड़ियों की आवाजाही बाधित हुई और प्रदर्शनकारियों की पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की हुई। 'इंडियन सेक्युलर फ्रंट' के नेता और भांगड़ के विधायक नौशाद सिद्दीकी विधानसभा सत्र से समय निकालकर मौके पर पहुंचे और संविदा शिक्षकों के साथ एकजुटता दिखाई। उन्होंने कहा कि पुलिस ने विधानसभा इलाके में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देकर शिक्षकों के मार्च को रोक दिया। मुझे हैरानी है कि प्रशासन पांच लोगों के प्रतिनिधिमंडल को विधानसभा जाकर अपनी मांगों की सूची सौंपने की अनुमति क्यों नहीं दे रहा है।

मंच के सदस्य स्वदेश जाना ने कहा कि संविदा शिक्षकों को हर महीने 9,000 से 10,000 रुपये वेतन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हम मांग करते हैं कि वेतन बढ़ाकर कम से कम 15,000 रुपये कर दिया जाए, तो क्या हम बहुत बड़ी मांग कर रहे हैं?

## मुर्शिदाबाद के साहिल जैन का नाम वेस्ट बंगाल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में सम्मानपूर्वक दर्ज



**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले के स्थानीय निवासी साहिल जैन का नाम प्रतिष्ठित वेस्ट बंगाल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्हें यह सम्मान उनके क्षेत्र में स्थापित एक विशिष्ट उपलब्धि के लिए प्रदान किया गया, जिसने उन्हें राज्य स्तर पर पहचान दिलाई है। वेस्ट बंगाल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज होना अपने आप में गौरव की बात माना जाता है। इस मंच के माध्यम से राज्य के नागरिकों, छात्रों, कलाकारों, उद्यमियों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाता है। साहिल जैन की इस उपलब्धि से न केवल मुर्शिदाबाद बल्कि पूरे पश्चिम बंगाल में गर्व की भावना देखी जा रही है। इस अवसर पर साहिल जैन ने कहा, मैं इस सम्मान के लिए अपने परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों का आभारी हूं। यह उपलब्धि मेरे साथ-साथ मेरे समुदाय के लिए भी गर्व का क्षण है। उनकी सफलता पर स्थानीय लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि साहिल की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। जानकारों का मानना है कि यह सम्मान शिक्षा, समाज सेवा और अन्य क्षेत्रों में उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## उत्तर हावड़ा में विश्व कैंसर दिवस पर 90 महिलाओं की पैप स्मीयर जांच

**हावड़ा, समाज्ञा :** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, उत्तर हावड़ा द्वारा 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पैप स्मीयर टेस्टिंग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर एंड डेंटल केयर, उत्तर हावड़ा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल की संरक्षिका सुमन बैद एवं परामर्शिका नीलम चौरड़िया ने नमस्कार महामंत्र के साथ किया। इस शिविर में डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. नीतू सिंह तथा नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति में जांच की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष सुजाता दुगड़, मंत्री सरिता राखेचा, मंडल की पदाधिकारी बहनें एवं कार्यसमिति सदस्य उपस्थित रहे।



कुल 90 बहनों ने जागरूकता के साथ जांच करवाई। उत्तर हावड़ा कन्या मंडल की संयोजिका प्रियंका तातेड़ ने भी सहयोग दिया। उपस्थित डॉक्टरों, नर्सों एवं लैब कर्मियों को दुपट्टा, प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आभातेयुप कार्यसमिति सदस्य संदीप डागा, उत्तर हावड़ा सभा के सह मंत्री अरिहंत सिंघी, सह मंत्री महावीर दुगड़, उत्तर हावड़ा टीवाईपी के निवर्तमान अध्यक्ष विनीत कोठारी, टीवाईपी वर्तमान अध्यक्ष अरुण बोहरा एवं मंत्री जितेंद्र सिंघी की विशेष उपस्थिति रही। सभी ने महिला मंडल के प्रयासों की सराहना की।

# चेंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (कोट्टी) ने केंद्रीय बजट 2026 पर सेमिनार का किया आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** चेंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (कोट्टी) द्वारा केंद्रीय बजट 2026 पर एक सेमिनार का आयोजन कोट्टी सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बजट में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तनों के बारे में सदस्यों को जागरूक करना था। मुख्य वक्ता चार्टर्ड अकाउंटेंट शांति स्वरूप गुप्ता रहे। श्री गुप्ता ने डायरेक्ट टैक्स में हुए परिवर्तनों पर विस्तृत चर्चा की और कहा कि टैक्स बचाने की बजाय टैक्स की सही योजना बनाना अधिक लाभकारी है। उन्होंने इनकम टैक्स, शेयर डिविडेंड, बायबैक, प्रोविडेंट फंड के प्रावधानों के साथ ही टीडीएस और टीसीएस से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की।

कार्यक्रम की शुरुआत में अध्यक्ष महेंद्र जैन ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष बजट में कुछ ऐसे परिवर्तन होते हैं जिनके बारे में सदस्यों का ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कोट्टी समय-समय पर ऐसे सेमिनार आयोजित करता है, जो सदस्यों के लिए बेहद लाभदायक साबित होते हैं। टैक्सेशन कमेटी के को-चेयरमैन शुशील शाह ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया, जबकि कमिटी के चेयरमैन बालकृष्ण धेलिया ने उनका स्वागत किया।

सेमिनार कमिटी के चेयरमैन संतोष खेड़िया ने कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट को लेकर सदस्यों में जो जिज्ञासा थी, उसका समाधान श्री गुप्ता ने स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कोट्टी के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार विनायकिया, उपाध्यक्ष संजय तोदी, मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा, संयुक्त सचिव आयुष पोद्दार, कोषाध्यक्ष अनिल मिहारिया, कार्यकारिणी सदस्य विनोद नांगलिया, राकेश सराफ, विकास लाखोटिया, आशीष झुनझुनवाला, सुनील कंदोई, दिलीप अरोड़ा, शुशील नेथवेवाला सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा ने कुशलता से किया और सभी का धन्यवाद किया।

## टॉलीगंज महिला मंडल47 बहनों का सरिताटॉलीगंज महिला मंडल ने आयोजित किया पैप स्मीयर परीक्षण शिविर



**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय महिला मंडल के निर्देशन में आरोग्यम प्रोजेक्ट के अंतर्गत टॉलीगंज तेरापंथ महिला मंडल ने वर्ल्ड कैंसर दिवस के अवसर पर गरिया स्थित एच एच पी अस्पताल में सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में कुल 47 महिलाओं का पैप स्मीयर परीक्षण किया गया। अस्पताल के निदेशक बसंत सेठिया और उनकी टीम ने पूरे कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। कैंप के उद्घाटन समारोह में अध्यक्ष रेखा कोठारी, मंत्री सरिता भंसाली, पूर्व अध्यक्ष अनीता सिंघी, स्नेहलता पुगलिया, उपाध्यक्ष सरोज पारख और कार्यकारिणी की कई बहनें उपस्थित रहीं। इस अवसर पर टॉलीगंज तेरापंथी सभा के अध्यक्ष अशोक पारख और मंत्री राजीव दुगड़ ने महिला मंडल के कार्यों की सराहना की। शिविर को सफल बनाने में प्रचार-प्रसार मंत्री मीनाक्षी छाजेड़ और सह-मंत्री प्रीति डागा का विशेष योगदान रहा। अखिल भारतीय महिला मंडल ने महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है।.

## श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मंडल साउथ हावड़ा का कैंसर जागरूकता अभियान

**हावड़ा, समाज्ञा :** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय कैंसर दिवस के अवसर पर श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मंडल, साउथ हावड़ा द्वारा 4 फरवरी को साउथ हावड़ा स्थित एयोरा क्लिनिक में आरोग्यम अभियान के तहत पेप स्मीयर स्क्रिनींग जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक कर समय रहते जांच के लिए प्रेरित करना था। शिविर का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के पावन उच्चारण से हुआ। मंडल की अध्यक्ष अंजु चौरड़िया एवं मंत्री लक्ष्मी गिड़िया की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। लक्ष्मी गिड़िया ने अतिथियों, डॉक्टरों एवं बहनों का स्वागत करते हुए कहा कि समय पर जांच से न केवल स्वयं का बल्कि परिवार और समाज का भविष्य भी सुरक्षित किया जा सकता है। एयोरा क्लिनिक के डॉ.



सुनील सुराणा एवं डॉ. इन्दु सुराणा को स्थान उपलब्ध कराने और सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद दिया गया। जांच शिविर में डॉ. इन्दु सुराणा, डॉ. अरुणा हिसारिया, डॉ. सुचित्रा जैन, डॉ. सिक्ता सरकार, डॉ. रूपा राय, डॉ. सरबनी घोष और डॉ. डोली बासु सहित अन्य डॉक्टरों की टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। डॉ. इन्दु सुराणा ने 9 से 25 वर्ष की महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीनेशन की जानकारी भी दी। इस अवसर पर साउथ हावड़ा सभा के ट्रस्टी अशोक कोठारी, टीपीएफ अध्यक्ष राजेश फुलफगर, मंत्री अरिहंत गधैया, प्रायोजक निर्मल कोठारी, संरक्षिका पुष्पा सामसुखा, राजश्री कोठारी, परामर्शिका पुष्पा धारीवाल, निवर्तमान अध्यक्ष चंद्रकान्ता पुगलिया, उपाध्यक्ष सरिता सामसुखा, प्रचार-प्रसार मंत्री किरण कोठारी एवं कार्यसमिति की सभी बहनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन मंत्री लक्ष्मी गिड़िया ने किया। इस शिविर में 125 महिलाओं ने जांच कराई। अंत में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और सहयोगियों सम्मानित किया गया।

## सेंट्रल पार्क डिपो में प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर मॉडल रूम का उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे के सेंट्रल पार्क डिपो परिसर में गुरुवार को प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) मॉडल रूम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कोलकाता मेट्रो के महाप्रबंधक एस.एस. मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेट्रो रेलवे के सभी विभागों के प्रधान अधिकारी भी मौजूद थे। इस मॉडल रूम का उद्देश्य ग्रीन लाइन के फ्रंटलाइन और मेंटेनेंस स्टाफ को पीएसडी प्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है। यहां प्रदर्शनों और शारीरिक सिमुलेशन के माध्यम से स्टाफ को हाथों-हाथ प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण से रोकथाम और आवश्यकता अनुसार रखरखाव की प्रक्रियाओं में सुधार होगा। साथ ही, पीएसडी प्रणाली की सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ेगी, जिससे यात्रियों को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्राप्त होगा।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 172 स्टेशनों का पुनर्विकास पूरा : अश्विनी वैष्णव

## रेलवे सुरक्षा, स्वच्छता, आधुनिक कोच और यात्री सुविधाओं पर सरकार का फोकस

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्र सरकार ने भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज करते हुए बताया है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत अब तक 172 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य पूरा कर लिया गया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत देशभर के 1337 स्टेशनों को चरणबद्ध तरीके से आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक स्टेशन के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसमें स्टेशन भवनों का नवीनीकरण, प्रतीक्षालयों और शौचालयों का उन्नयन, बैठने की बेहतर व्यवस्था, पेयजल सुविधा, लिफ्ट और एस्केलेटर, चौड़े फुटओवर ब्रिज, प्लेटफार्म शेल्टर और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं शामिल हैं। 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' योजना के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए




कियोस्क भी स्थापित किए जा रहे हैं। रेल मंत्री ने पुलों की सुरक्षा पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय रेलवे सभी पुलों का निरीक्षण वर्ष में दो बार करता है-एक बार मानसून से पहले और एक बार मानसून के बाद। संवेदनशील पुलों की जांच उनकी स्थिति के आधार पर अधिक बार की जाती है। वर्ष 2022 से दिसंबर 2025 के बीच 8,626 पुलों की मरम्मत, मजबूतीकरण या पुनर्वास किया गया है। कोच निर्माण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2004-14 के दौरान जहां केवल 2,337 एलएचबी कोच बने थे, वहीं, 2014-25 के बीच यह संख्या बढ़कर 42,677 हो गई है, जो 18 गुना से अधिक वृद्धि दर्शाती है। एलएचबी कोच आधुनिक सुरक्षा और बेहतर यात्रा अनुभव के लिए जाने जाते हैं। यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशनों पर फिलहाल 11,650 स्टॉल/यूनिट संचालित हैं, जिनमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के पात्र आवेदकों को भी अवसर दिए गए हैं। ट्रेनों में खानपान सेवाओं में पारदर्शिता लाने के लिए पीओएस मशीनें, ई-पेंट्री सेवा तथा मेनू और टैरिफ लिंक के साथ एसएमएस सुविधा उपलब्ध कराई गई है, ताकि अधिक किराया वसूली पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## पूर्व रेलवे ने होली के लिए 94 विशेष ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती मांग और संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए होली पर 94 होली विशेष ट्रेनों को चलाने की योजना बनाई है। इन ट्रेनों के माध्यम से यात्रियों को अपने पैतृक स्थानों की यात्रा करने, परिवार से मिलने और त्योहार मनाने के साथ-साथ प्रमुख तीर्थ स्थलों जैसे पुरी की यात्रा में सुविधा मिलेगी। कोलकाता-रक्सौल के बीच 10, कोलकाता-मधुबनी के बीच 8, कोलकाता-गोरखपुर के बीच 20, हावड़ा-आनंद विहार और हावड़ा-खातीपुरा के बीच 8-8, कोलकाता-न्यू जलपाईगुड़ी के बीच 2 और सियालदह-पुरी के बीच 8 ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त, आसनसोल-गोरखपुर के बीच 6, मालदह टाउन-आनंद विहार 8, मालदह टाउन-उधना 8 और मालदह-मुंबई 8 विशेष ट्रेनें भी संचालित होंगी। इन विशेष सेवाओं से होली के दौरान यात्रियों की भीड़ में राहत मिलेगी और यात्रा सुरक्षित व सुविधाजनक होगी।



2019 से, शब-ए-बारात के अवसर पर वार्ड के सभी हिस्सों में 39वें वार्ड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जे. मुहम्मद हुसैन द्वारा सहरी का वितरण किया जाता रहा है।

# पत्नी को प्रताड़ित करने तथा आत्महत्या के लिए उकसाने के दोषी पति को 10 साल की सजा

## शराब के लिए पैसे मांगकर पत्नी पर करता था अत्याचार, प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने की आत्महत्या

**हुगली, समाज्ञा :** दहेज और घरेलू हिंसा से जुड़े एक मामले में चूंचूड़ा अदालत के फर्स्ट फास्ट ट्रैक कोर्ट ने आरोपी पति को 10 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने यह फैसला पत्नी को शराब पीने के लिए पैसे मांगकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने तथा आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सुनाया। घटना 13 जुलाई 2020 की है। उस दिन एक विवाहिता लक्ष्मी राय का शव उसके ससुराल से कुछ दूरी पर बरामद किया गया था। खबर मिलने पर मृतका के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। मृतका के भाई झंटू राय ने पांडुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि शादी के बाद से ही उसकी बहन को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। शराब पीने के लिए आरोपी पति बार-बार पैसे की मांग करता था। झंटू राय ने बताया कि बहन की परेशानी जानकर वह कई बार पैसे दे चुका था, इसके बावजूद अत्याचार बंद नहीं हुआ। करीब 15 साल



पहले पूर्व बर्दवान के कालना थाना अंतर्गत इच्छापुर डोहरकुली की रहने वाली लक्ष्मी राय की शादी पांडुआ के तिन्ना रायपाड़ा निवासी सनातन राय से हुई थी। दंपति के दो बच्चे भी हैं। सरकारी वकील सुब्रत भट्टाचार्य ने बताया कि शराब के लिए पैसे न मिलने पर आरोपी पति पत्नी पर अत्याचार करता था। प्रताड़ना से तंग आकर लक्ष्मी राय ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दिन वह शाम से लापता थी, बाद में घर से कुछ दूरी पर एक तालाब के किनारे उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने जांच के बाद आर-ोपी के खिलाफ आइपीसी की धारा 498ए (वैवाहिक क्रूरता) और 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया। सुनवाई के बाद फर्स्ट फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश पीयूष कांति राय ने आर-ोपी को दोषी करार दिया। अदालत ने सजा सुनाते हुए धारा 498ए के तहत 3 साल की जेल और 5,000 रुपये जुर्माना, जुर्माना न देने पर 3 महीने अतिरिक्त जेल, धारा 306 के तहत 10 साल की जेल और 10,000 रुपये जुर्माना, जुर्माना न देने पर 6 महीने अतिरिक्त जेल की सजा सुनाई। इस फैसले को महिला उत्पीड़न के मामलों में एक अहम न्यायिक कदम माना जा रहा है।

# विधानसभा चुनाव : बंगाल में कांग्रेस ने अकेले लड़ने का किया फैसला

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** कांग्रेस ने गुरुवार को फैसला किया कि वह विधानसभा चुनाव में किसी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी और सभी 294 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी नेतृत्व की पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई बैठक में यह फैसला किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास '10 राजाजी मार्ग' पर हुई इस बैठक में खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शुभांकर सरकार, वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी और कई अन्य नेता शामिल हुए। कुछ नेता इस बैठक में डिजिटल



माध्यम से भी जुड़े। बैठक के बाद, गुलाम अहमद मीर ने संवाददाताओं से कहा कि इस बैठक में पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण रणनीतिक चर्चा हुई। इसमें सभी नेताओं ने अपने सुझाव दिए हैं, पार्टी नेतृत्व ने सबकी बात सुनी और सामूहिक रूप से यह तय किया गया कि हम इस बार अकेले चुनाव लड़ेंगे। उनका कहना था कि अलग-अलग दलों के साथ गठबंधन करने से जमीनी स्तर पर कांग्रेस का कार्यकर्ता हतोत्साहित हुआ है। मीर का कहना था कि अब कांग्रेस के पदाधिकारी इसी फैसले के मद्देनजर प्रदेश में चुनाव की तैयारी करेंगे।

### उत्तरपाड़ा स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आकर शिक्षिका की मौत

**हुगली, समाज्ञ :** उत्तरपाड़ा स्टेशन पर रेलवे लाइन पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आकर एक स्कूल शिक्षिका की मौत हो गई। मृतका का नाम सरबजीत कौर (32) है। चंदननगर से पिकनिक मनाकर लौट रही थीं, लौटते समय ही यह दर्दनाक हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, उस दिन सरबजीत अपने सहकर्मियों के साथ चंदननगर के न्यू दीघा पार्क पिकनिक मनाने गई थीं। शाम को वे सभी ट्रेन से लौट रहे थे। उत्तरपाड़ा में उन्हें एक छात्र को पढ़ाने जाना था, इसलिए वह वहीं उतर गईं। उसी दौरान रेलवे लाइन पार करते समय यह हादसा हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय दूसरे नंबर ट्रैक पर एक थ्रू ट्रेन आ रही थी। उसी समय सरबजीत रेलवे लाइन पार करने की कोशिश कर रही थीं और ट्रेन की टक्कर से दूर जा गिरीं। सरबजीत की सहकर्मी शाश्वती ने कहा कि हम कुछ समझ पाते, उससे पहले ही पल भर में यह घटना हो गई। रेल पुलिस ने बताया कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद लोग लापरवाही से रेलवे लाइन पार करते हैं, जिसके कारण इस तरह की दुर्घटनाएं होती हैं। घटना के बाद उत्तरपाड़ा रेलवे गेट पर आरपीएफ जवान को तैनात कर दिया गया है।

### एसआईआर के विरोध में तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा से किया वाकआॅउट

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने गुरुवार को राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रकिया के दौरान कई लोगों की मौत होने का दावा करते हुए सदन से वाकआॅउट किया। तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन ने उच्च सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए अपनी बात बांग्ला में रखी। उन्होंने अपने भाषण के अंत में हिंदी में कहा कि 'आपने जिस तरह से बंगाल में एसआईआर किया है, कितने सारे लोगों की मौत हो गयी। उन्होंने दावा किया कि इस प्रक्रिया में 140 लोगों की मौत हुई जिसमें कई आत्महत्या की घटनाएं शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आपके हाथ में खून लग चुका है, आप इसके लिए जिम्मेदार हैं। सेन ने कहा कि इसके विरोध में उनकी पार्टी के सदस्य सदन से वाकआॅउट कर रहे हैं।

# एस्कॉर्ट की कमी से बेलडांगा हिंसा के आरोपियों की कोर्ट में पेशी टली, पुलिस पर सहयोग न करने का आरोप

**✒ एनआईए ने कहा... 'अभी तक नहीं मिली केस डायरी'**

**✒ 12 फरवरी को आरोपियों को कोर्ट में पेशी का आदेश, राज्य पुलिस के आईओ को व्यक्तिगत रुप से पेशी का आदेश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में हुई अशांति के मामले में आरोपियों को गुरुवार को कोलकाता की अदालत में पेश नहीं किया जा सका। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने इस मामले में राज्य पुलिस पर उंगली उठाई और अदालत को बताया कि उसे अभी तक केस डायरी नहीं मिली है। जज ने आदेश दिया कि आरोपी को 12 फरवरी को अदालत में पेश किया जाए। उस दिन, बेलडांगा मामले में राज्य पुलिस के जांच अधिकारी को कारणों को समझाने के लिए खुद अदालत में पेश होना होगा। इसी समय, मुर्शिदाबाद ज़िले के पुलिस अधीक्षक को इस मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया है। इस दिन, बेलडांगा अशांति मामले की सुनवाई कोलकाता की अदालत में हुई, लेकिन आरोपियों को पेश नहीं किया जा सका। वे फिलहाल मुर्शिदाबाद में न्यायिक हिरासत में हैं। एनआईए के वकील ने अदालत में दलील दी कि जेल अधीक्षक ने कहा है कि एस्कॉर्ट न होने के कारण आरोपी को अदालत में नहीं लाया जा सका। एनआईए ने यह भी कहा कि उसे केस डायरी नहीं मिली है। एनआईए ने आगे बताया कि उसने जेल अधिकारियों को सुरक्षा देने और आरोपी को कोलकाता की अदालत में लाने के लिए सूचित किया था। जेल अधिकारियों ने राज्य पुलिस से एस्कॉर्ट का अनुरोध किया था। इसके बाद, जेल अधीक्षक ने एजेंसी को बताया कि पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि वह वाहन और एस्कॉर्ट का इंतज़ाम नहीं कर सकते। इसलिए, आरोपी को अदालत में पेश नहीं किया जा सका। एनआईए ने यह भी कहा कि जांच अधिकारी केस डायरी के बिना जांच आगे नहीं बढ़ा पा रहा है। इसके बाद, जज ने कहा कि मुर्शिदाबाद के पुलिस अधीक्षक को एक विस्तृत रिपोर्ट जमा करनी होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जांच अधिकारी को भी कारणों को समझाने के लिए खुद अदालत में पेश होना होगा। जज ने आदेश दिया कि आरोपी को 12 फरवरी को अदालत में पेश किया जाए और कहा कि उस दिन पुलिस को एस्कॉर्ट देना होगा।

# नदियों को जोड़ने के लिए नदी बंधन योजना पर खर्च होंगे 2,250 करोड़

## बजट से पहले मुख्यमंत्री ने विधानसभा में की मंत्रिमंडल की बैठक, कई परियोजनाओं को मंजूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने यहां नदियों को जोड़ने, उसमें जलमार्ग विकसित करने व बाढ़ की समस्या को दूर करने के लिए नदी बंधन योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत विश्व बैंक की मदद से 2,250 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे, जिसमें से 675 करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा खर्च किया जायेगा। राज्य सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

**✒ मुर्शिदाबाद में बनेगा नया विश्वविद्यालय**

कैबिनेट बैठक में राज्य में एक और यूनिवर्सिटी की स्थापना की मंजूरी दी गयी। बताया गया है कि



राज्य सरकार द्वारा मुर्शिदाबाद में हजारदुआरी यूनिवर्सिटी की स्थापना की जायेगी। इसके लिए मौजूदा सत्र में ही द मुर्शिदाबाद हजारदुआरी यूनिवर्सिटी एंड हिस्टोरिक एक्सीलेंस सेंटर बिल, 2026 पेश किया जायेगा। साथ ही, राज्य सरकार ने मुर्शिदाबाद यूनिवर्सिटी का नाम बदल कर मुर्शिदाबाद महाराजा कृषनाथ यूनिवर्सिटी, बहरमपुर करने का फैसला किया है और इसके लिए भी संशोधन विधेयक विधानसभा में पेश किया जायेगा।

**✒ 12 रिफ्यूजी कॉलोनियों का होगा नियमितीकरण**

कैबिनेट बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों में सरकारी जमीनों और या निजी जमीनों पर स्थित 12 नये शरणार्थी कॉलोनियों का नियमितीकरण करने का फैसला लिया गया है। इसमें बीरनगर कॉलोनी, द्विजाहारी स्कायर कॉलोनी, चासीपाड़ा कॉलोनी, न्यू फॉरवर्ड कॉलोनी, मानसा कॉलोनी, खानपुर शहीदनगर कॉलोनी, सुभाष पल्ली-सुकंता पल्ली कॉलोनी, सुकांता पल्ली कॉलोनी, कामरा कॉलोनी, आनंदमयी पार्क कॉलोनी, रामकृष्ण पल्ली कॉलोनी, सुकांत सरणी कॉलोनी सहित अन्य शामिल हैं।

**✒ जेएसडब्ल्यू को आवंटित की गयी 1688.15 एकड़ जमीन**

मंत्रिमंडल की बैठक में थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने के लिए जेएसडब्ल्यू बंगाल स्टील लिमिटेड की 1688.15 एकड़ लीजहोल्ड जमीन को जेएसडब्ल्यू थर्मल एनर्जी लिमिटेड को आवंटित करने की मंजूरी दी गयी है। इस जमीन पर जेएसडब्ल्यू कंपनी की ओर से ताप विद्युत केंद्र की स्थापना की जायेगी। इसके साथ ही राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कोलकाता पुलिस के खुफिया विभाग के अंतर्गत नयी साइबर क्राइम ब्रांच गठित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

# गोलपार्क हिंसा के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर भाजपा का प्रदर्शन, थाने में सौंपा ज्ञापन

## 'अपराधियों को बचा रही तृणमूल सरकार', शुभेंदु अधिकारी का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के गोलपार्क इलाके में गत एक फरवरी को हुई हिंसा के मामले ने एक बार फिर राज्य की कानून-व्यवस्था पर सियासी घमासान खड़ा कर दिया है। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर भाजपा नेता व विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी सड़कों पर उतरे और तृणमूल कांग्रेस पर अपराधियों को संरक्षण देने के गंभीर आरोप लगाए। साथ ही, मांग की कि इस मामले में शामिल सभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। यह रैली गोलपार्क से शुरू होकर रवींद्र सरोवर तक गई। इसमें सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद, शुभेंदु अधिकारी ने रवींद्र सरोवर थाने में एक ज्ञापन भी सौंपा। इतना ही नहीं,



प्रदर्शन के दौरान शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। प्रदर्शन के दौरान मीडिया से बात करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि गोलपार्क इलाके में एक स्थानीय अपराधी है, जिसे लोग 'सोना पप्पू' के नाम से जानते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले यह व्यक्ति दिनदहाड़े गोलियां चला रहा था और बम फेंक रहा था, जिससे पूरे इलाके में डर का माहौल बन गया। अधिकारी ने आरोप लगाया कि यह अपराधी पूरे इलाके में गुंडाराज चला रहा है। उसे तृणमूल कांग्रेस के नेताओं का संरक्षण मिला हुआ है। अधिकारी ने यह भी कहा कि पुलिस जानबूझकर सोना पप्पू के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि गोल-पार्क हिंसा के मुख्य आरोपी अब तक गिरफ्तार नहीं हुए, क्योंकि वे टीएमसी नेताओं के करीबी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी ऐसे अपराधियों का इस्तेमाल आगामी विधानसभा चुनावों में वोट लूटने के लिए करना चाहती है। उन्होंने कहा कि बंगाल के कई इलाकों में ऐसे अपराधी खुलेआम जमीन के धंधे पर कब्जा कर रहे हैं, वसूली कर रहे हैं और आम लोगों को डरा रहे हैं। इतना ही नहीं, शुभेंदु अधिकारी ने दावा करते हुए कहा कि कुछ महीनों का इंतजार कीजिए। भाजपा बंगाल में शांति लाएगी, जहां लोगों को सड़क पर चलते समय डर नहीं लगेगा।

# एसआईआर विवाद : निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा

**✒ पश्चिम बंगाल में हिंसा और धमकियों का आरोप**

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर निर्वाचन आयोग और ममता सरकार में ठनी हुई है। दोनों एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। इस मामले में गुरुवार को चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में परेशानी पैदा कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान हिंसा धमकियों और लगातार राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हुई हैं जिनमें चुनाव अधिकारी अपने वैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हैं। एक हलफनामे में चुनाव आयोग ने आरोप लगाया है कि जहां अन्य राज्यों में एसआईआर का गणना चरण सुचारू रूप से और बिना किसी घटना के संपन्न हुआ, वहीं पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया में शामिल चुनाव अधिकारियों के विरुद्ध हिंसा, धमकियों और बाधा डालने की कई घटनाएं हुईं। कई बार तो चुनाव आयोग अधिकारियों के जान पर बात बन आई है।

चुनाव आयोग ने आरोप लगाया है कि राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण ऐसी परिस्थितियां पैदा हो रही हैं। राज्य की सरकार इस पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। उल्टा चुनाव आयोग के काम पर सवाल उठा रही है जो सरासर गलत है। इसके अलावा, ईसीआई ने यह भी दावा किया है कि 2025 की मतदाता सूची की प्रामाणिकता संदिग्ध है क्योंकि वर्तमान एसआईआर में 58 लाख से अधिक अनुपस्थित, मृत और स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान की गई है और मतदाता पंजीकरण अधिकारियों द्वारा लगभग 1.51 करोड़ नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इसलिए, आगामी विधानसभा चुनावों के लिए इसका उपयोग नहीं किया जा सकता है, ऐसा तर्क दिया गया है।

# ईडी ने 2,000 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा व्यापार घोटाले में दाखिल किया पूरक आरोपपत्र

**✒ विशेष अदालत ने फरार मुख्य आरोपित तुषार पटेल के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए**

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी ने कोलकाता की एक विशेष पीएमएलए अदालत में 2,000 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा व्यापार घोटाले में पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। विशेष अदालत ने टीपी ग्लोबल एफएक्स/आइएक्स ग्लोबल फारेक्स ट्रेडिंग घोटाले में ईडी की तीसरी पूरक अभियोजन शिकायत का संज्ञान लिया है और मुख्य आरोपित तुषार पटेल और फरार पांच आरोपितों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए हैं। तुषार पटेल टीपी ग्लोबल फारेक्स ट्रेडिंग घोटाले का मास्टरमाइंड है, जिसने फारेक्स ट्रेडिंग के नाम पर जनता से 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध राशि एकत्र की और यह राशि उसके सहयोगियों प्रसेनजीत दास और शैलेश पांडे की मदद से खोले गए फर्जी बैंक खातों में जमा की गई। जांच के दौरान पटेल को सात बार तलब किया गया; हालांकि, उसने समन का पालन नहीं किया और अभी भी फरार है। इस मामले में जब्त की गई संपत्तियों की कुल राशि लगभग 291 करोड़ रुपये है, जिसमें नकदी, सोना, अचल संपत्ति, आतिथ्य प्रतिष्ठान, कार्यालय स्थान, कृषि भूमि, वाहन, क्रिप्टोकरेंसी और बैंक बैलेंस शामिल हैं। ईडी ने कोलकाता, महाराष्ट्र और गुजरात पुलिस द्वारा मेसर्स टीएम ट्रेडर्स, मेसर्स केके ट्रेडर्स, टीपी ग्लोबल एफएक्स, आइएक्स ग्लोबल, आइएक्स एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ आइपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एफआइआर के आधार पर जांच शुरू की।

# विधानसभा चुनाव : तृणमूल, भाजपा के खिलाफ सभी ताकतों को एकजुट करना चाहती है माकपा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने गुरुवार को कहा कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के खिलाफ सभी ताकतों को एकजुट करना चाहती है। माकपा के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि वह इस उद्देश्य से



सभी से बातचीत कर रहे हैं। इस दिन, उन्होंने यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि हम चाहते हैं कि तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के खिलाफ सभी ताकतें एकजुट होकर उनके खिलाफ लड़ें। कांग्रेस के तृणमूल और भाजपा-विरोधी मुहिम में शामिल होने के बारे में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने कहा है कि इस मुद्दे पर जमीनी स्तर के कार्यकर्ता फैसला लेंगे। सलीम ने कहा कि तीन महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव-पूर्व गठबंधन या सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ अब तक कोई सार्थक चर्चा नहीं हुई है। सलीम से जब पूछा गया कि क्या तृणमूल के निलंबित विधायक एवं हाल में जनता उन्नयन पार्टी का गठन कर चुके हुमायूं कबीर का जिक्र प्रदेश समिति की बैठक में चर्चा के दौरान हुआ, इसपर उन्होंने कहा कि जब माकपा विधानसभा चुनावों से पहले विचार-विमर्श करती है और अपनी संगठनात्मक तैयारियों पर चर्चा करती है, तो वह किसी विशिष्ट व्यक्ति पर चर्चा नहीं करती। सलीम ने दावा किया कि पहले मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करने वाली ममता बनर्जी सरकार अब कह रही है कि अगर एसआईआर आगामी कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद किया जाता है तो कोई समस्या नहीं है।

# खागरागढ़ कांड के बांग्लादेशी आरोपी कौसर को एसटीएफ मामले में आठ साल की जेल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के न्यायालय ने खागरागढ़ विस्फोट कांड के आरोपी बांग्लादेशी जेएमबी आतंकी कौसर को कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा दर्ज मामले में आठ साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने इसके साथ ही आरोपी पर 50,000 रुपये जुर्माना भी लगाया। कौसर पहले ही एनआईए कोर्ट द्वारा खागरगढ़ विस्फोट मामले में 29 साल की सजा का सामना कर चुका है। वह कई आतंकवादी मामलों में शामिल रहा है, जिनमें राष्ट्रद्रोह के आरोप भी शामिल हैं। अदालत में पेश मामले में बताया गया कि कासिम 2014 के खागरगढ़ विस्फोट कांड में मुख्य आरोपी था। इसके अलावा, उसका नाम 2018 के बोधगया विस्फोट कांड से भी



जुड़ा था। एनआईए ने अगस्त 2018 में उसे गिरफ्तार किया था। पूछताछ में कासिम ने स्वीकार किया कि विस्फोट के बाद वह दक्षिण भारत के विभिन्न स्थानों में घूमता रहा और कभी पाइप फिट्टर, कभी कारीगर बनकर छिपा रहता था। कोलकाता पुलिस के अनुसार कौसर पश्चिम बंगाल और असम में जेएमबी के तहत जिहाद की तैयारी कर रहा था। अदालत ने एसटीएफ की इस कार्रवाई को सही ठहराया और कहा कि यह आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए चलाएगा स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे द्वारा होली के अवसर पर देशभर में 1410 होली स्पेशल ट्रेन यात्राएं चलाने की योजना बनाई है। आवश्यकता पड़ने पर इनकी संख्या और बढ़ाई जा सकती है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व रेलवे ने भी अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई महत्वपूर्ण मार्गों पर होली स्पेशल ट्रेनों के संचालन की तैयारी की है। प्रस्तावित मार्गों में सांतरागाछी-एम.जी.आर. चेन्नई, सांतरागाछी-तिरुवनंतपुरम, सांतरागाछी-चारलापल्ली, सांतरागाछी-दरभंगा, शालीमार-वडोदरा, शालीमार-विशाखापत्तनम, टाटानगर-कटिहार, टाटानगर-बक्सर, रांची-गोरखपुर, रांची-अजमेर और रांची-जयनगर शामिल हैं, जिनसे पूर्वी भारत का संपर्क दक्षिण, पश्चिम और उत्तर भारत के प्रमुख शहरों से बेहतर इन ट्रेनों की समय-सारणी, ठहराव और आरक्षण से जुड़ी विस्तृत जानकारी शीघ्र जारी की जाएगी।

## सुधीर सिंह बने मध्य हावड़ा मंडल 3 भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष

**हावड़ा, समाज्ञा :** भारतीय जनता पार्टी की हावड़ा जिला इकाई ने संगठनात्मक विस्तार के तहत मध्य हावड़ा मंडल-3 के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में वार्ड संख्या 29 से भाजपा नेता सुधीर सिंह की नियुक्ति की घोषणा की है। मध्य हावड़ा मंडल-3 के अंतर्गत वार्ड 29, 30, 31 और 36 शामिल हैं। नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह और हावड़ा जिला अध्यक्ष गौरांग भट्टाचार्य सहित पार्टी के प्रदेश, जिला और मंडल स्तर के सभी



नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह संगठन को और मजबूत करने तथा जमीनी स्तर पर भाजपा की नीतियों को जनता तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# कोन्नगर में तालाब से व्यक्ति का शव बरामद होने से फैली सनसनी

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के कोन्नगर के कनाईपुर इलाके में नाइटी रोड इलाके में लोकनाथ बाबा के मंदिर के पास गुरुवार



शाम एक तालाब से एक व्यक्ति का शव बरामद होने से सनसनी फ़ैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर कनाईपुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाला। शव की हालत बेहद खराब होने के कारण फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। प्रारंभिक तौर पर यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामला हत्या का है या किसी अन्य कारण से व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। कनाईपुर चौकी की पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। इलाके के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि मृतक की पहचान की जा सके। शुक्रवार को श्रीरामपुर वाल्श अस्प-ताल में शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# कार्यक्रम में कथित उत्पीड़न मामले में अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती का गोपनीय बयान दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** टॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती ने गुरुवार को बनगांव अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना गोपनीय बयान दर्ज कराया। यह बयान एक मंचीय कार्यक्रम के दौरान कथित अपमान और उत्पीड़न की घटना से जुड़े मामले में लिया गया। अदालत के निर्देशानुसार मिमी निर्धारित समय पर बनगांव पहुंचीं और कानूनी प्रक्रिया पूरी की। जानकारी के अनुसार, वह दोपहर के समय शहर पहुंचीं और बाद में अदालत में पेश हुईं। जूनियर डिवीजन के मजिस्ट्रेट अबुल हुसैन जमादार की मौजूदगी में लगभग आधे घंटे तक उनका बयान दर्ज किया गया। पुलिस आगामी 7 फरवरी को यह गोपनीय बयान संबंधित अदालत में प्रस्तुत



करेगी। बयान के बाद अदालत परिसर में मौजूद कुछ वकीलों ने अभिनेत्री का अभिवादन भी किया। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में मिमी चक्रवर्ती ने कहा कि वह झूठे आरोपों और बदनामी के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि क्लब के सलाहकार तनय शास्त्री ने उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया, जबकि अन्य सदस्यों का व्यवहार सम्मानजनक था। अभिनेत्री ने यह भी दावा किया कि उनके मंच से उतरने के बाद भी कार्यक्रम जारी रहा, जिसका प्रमाण उन्होंने अदालत में सौंपा है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बाराबंकी जिले में एक डॉक्टर ने बेटे के सामने खुदकुशी की

**बाराबंकी (उप्र):** बाराबंकी जिले के मसौली क्षेत्र में एक निजी नर्सिंग होम के डॉक्टर ने कथित रूप से पारिवारिक कलह के चलते अपने आठ साल के बेटे के सामने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मृतक की पहचान संदीप कुमार (42) के रूप में हुई है जो मसौली थाना क्षेत्र के देवकलिया गांव के रहने वाले थे और मौलाबाद गांव में उनका अपना नर्सिंग होम है। संदीप के पिता सूर्य प्रकाश ने बताया कि उनका बेटा अपनी पत्नी आरती के वजह से मानसिक रूप से परेशान रहता था तथा वह इससे पहले तीन-चार बार घर छोड़कर जा चुकी थी। सूर्य प्रकाश ने कहा कि करीब तीन-चार महीने पहले ही अदालत में दोनों की सुलह हुई थी, रोज की तरह बुधवार को भी दोनों में विवाद हुआ था तथा बृहस्पतिवार को सुबह सूचना मिली कि बेटे ने फांसी लगा ली है। मसौली के थाना प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

### राजस्थान: रनवे को छूकर दोबारा उड़ी एअर इंडिया की उड़ान, दूसरे प्रयास में उतरा विमान

**जयपुर:** राजस्थान के जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बृहस्पतिवार को मुंबई से आ रहा एक विमान पहली बार उतरने में नाकामयाब रहा हालांकि दूसरे प्रयास में यात्रियों ने राहत की सांस ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोपहर एक बजकर नौ मिनट पर एअर इंडिया की मुंबई से जयपुर पहुंची उड़ान संख्या एआई-2781 पहली बार में रनवे को छूते हुए निकल गयी हालांकि दूसरे प्रयास में विमान सफलतापूर्व उतर गया। उन्होंने बताया कि विमान लगभग 10 मिनट तक हवा में चक्कर लगाता रहा, जिसके बाद पायलट ने दोबारा उतरने का प्रयास किया। हवाई अड्डा सूत्रों के अनुसार, जयपुर हवाई अड्डे पर बृहस्पतिवार को मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, सूरत, दिल्ली समेत कई शहरों से आने-जाने वाली आधा दर्जन से अधिक उड़ानों का संचालन में देरी से हुआ, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

### दरगाह पर चादर चढ़ाने आये युवक से दुकानदार ने की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बाराबंकी (उप्र):** बाराबंकी जिले में बृहस्पतिवार को देवा स्थित सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की दरगाह के पास चादर चढ़ाने आए एक हिंदू युवक पर कथित रूप से एक दुकानदार ने हमला किया और उसके माथे पर लगा तिलक जबरन धुलवा दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बाराबंकी के कोतवाली क्षेत्र के दशहरा बाग मोहल्ले के निवासी हरीश शर्मा अपनी पड़ोसी एक मुस्लिम महिला के साथ देवा स्थित हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर चादर चढ़ाने गया था। सूत्रों के मुताबिक हरीश का आरोप है कि महिला जब अंदर गई तब वह बाहर चने खा रहा था, उसी बीच वहां मौजूद एक दुकानदार ने उसे अपशब्द कहे और थप्पड़ मार दिया। हरीश का यह भी आरोप है कि उस दुकानदार ने उसके माथे पर लगा तिलक भी जबरन धुलवा दिया। हरीश का कहना है कि विवाद के दौरान उसके साथ अभद्र व्यवहार और हाथापाई की गयी। घटना के बाद उसने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। यह पूरी घटना पास में लगी एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

### हत्या के 42 साल पुराने मामले में 100 वर्षीय एक बुजुर्ग हुए बरी, परिवार को मिला सुकून

**हमीरपुर (उप्र):** हमीरपुर के करीब 100 वर्षीय धनीराम के दामन पर लगा कत्ल के इल्जाम का दाग धुलने में चार दशक से भी ज्यादा का वक्त लग गया। अब वह और उनके परिवार के सदस्य सुकून महसूस कर रहे हैं। करीब 42 वर्ष तक चली कानूनी लड़ाई के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को धनीराम को निचली अदालत से मिली उम्रकैद की सजा को रद्द करते हुए उसे बरी कर दिया। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह और न्यायमूर्ति संजीव कुमार की खंडपीठ ने जमीन के विवाद को लेकर 1982 में हुई गुनुवा की हत्या के मामले में 1984 में हमीरपुर की सत्र अदालत द्वारा धनी राम को दी गई उम्रकैद की सजा को रद्द कर दिया। गुनुवा की हत्या को लेकर धनीराम को दो अन्य अभियुक्तों-- सत्ती दीन और मैकू के साथ दोषी ठहराया गया था।

# प्रति व्यक्ति आय दोगुनी करने और अगले पांच वर्षों में एक करोड़ रोजगार देने का लक्ष्य : नीतीश



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार ने अगले पांच वर्षों में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी करने के साथ-साथ 'एक करोड़ नौकरी व रोजगार के अवसर'' सृजित करने का लक्ष्य तय किया है। कुमार (75) ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में कहा, हमने बहुत कुछ किया है लेकिन हम और अधिक करना चाहते हैं। हमने अगले पांच वर्षों में बिहार की प्रति व्यक्ति आय दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम औद्योगिक विकास को बढ़ावा देंगे। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना जैसी योजनाएं उद्यमिता को बढ़ावा देने में भी मदद करेंगी। यह योजना नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव से पहले शुरू की गई थी, जिसके तहत एक करोड़ से अधिक महिलाओं को 10,000 रुपये दिए गए थे। कुमार ने भाजपा नीत गठबंधन द्वारा चुनाव से पहले किए गए '2030 तक एक करोड़ नौकरी और रोजगार के अवसर' देने के वादे को भी दोहराया। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लगभग 30 मिनट लंबे भाषण के दौरान विपक्षी विधायकों, खासकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव के साथ कई बार तीखी नोकझोंक भी हुई। कुमार ने विपक्ष के नेता यादव की ओर इशारा करते हुए आरोप लगाया, जब आपके माता-पिता सत्ता में थे, तब कुछ नहीं किया गया। तेजस्वी के पिता लालू प्रसाद और मां राबड़ी देवी दोनों बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। जदयू अध्यक्ष ने केंद्र सरकार को 'उदार सहायता' के लिए आभार जताया और प्रधानमंत्री को 'नमन' करते हुए कहा कि वह अक्सर राज्य का दौरा करते रहे हैं और यह सुनिश्चित किया है कि बिहार को उसका अधिकार मिले।

### ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने करोड़ों रुपये की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया

**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बृहस्पतिवार को रोहिल्लापुर के डूब क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए करीब 18 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपाल अधिकारी (एसीईओ) सुमित यादव ने बताया कि परियोजना व भूलेख विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिसूचित क्षेत्र में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए बिना अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ प्राधिकरण की तरफ से कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारी ने लोगों से ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी प्राप्त करने की अपील की।

## सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील-द्विअर्थी गानों पर रोक, होली पर विशेष निगरानी के निर्देश: सम्राट चौधरी



**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को अश्लील व द्विअर्थी गीत बजाने पर रोक लगाने के लिए सभी जिलों में विशेष अभियान चलाने और ऐसे मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों, समारोहों और वाहनों में इस तरह के गाने बजाने को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि द्विअर्थी व अश्लील गाने समाज के लिए गंभीर समस्या बन चुके हैं और सार्वजनिक स्थानों व वाहनों पर ऐसे गाने बजाने से महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा प्रभावित होती है तथा वे असहज महसूस करती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के गाने बच्चों की सोच पर भी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं और यह एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चौधरी ने कहा कि सरकार महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर है, जिसके मद्देनजर पुलिस प्रशासन को अश्लील और द्विअर्थी गानों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि होली के दौरान भी सभी जिलों में विशेष अभियान चलाए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री के अनुसार, अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों, वाहनों और आयोजनों में बजने वाले ऐसे गानों को चिन्हित किया जाएगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 296, 79 तथा अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर साउंड सिस्टम जब्त करने और आयोजकों व वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## खनिजों से राष्ट्र के विकास में योगदान दे रहा झारखंड, लेकिन गरीबी में जी रहे राज्य के लोग: सोरेन



**कोडरमा:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य अपनी खनिज संपदा के माध्यम से देश के विकास में योगदान दे रहा है, लेकिन इसके लोग गरीबी में जीने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने कोडरमा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में माइका के भंडार हैं, और अगर खनन नियोजित तरीके से किया जाए तो स्थानीय युवाओं को आजीविका के लिए दूसरे राज्यों में पलायन नहीं करना पड़ेगा। इस कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता फिर से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में शामिल हो गईं। गुप्ता ने 2024 विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर कोडरमा सीट से चुनाव लड़ा था और लगभग 27 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। वह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ झामुमो में शामिल हुईं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत कोडरमा सीट पर चुनाव लड़ा और दूसरे स्थान पर रही। भाजपा ने यह सीट जीती, जबकि गुप्ता तीसरे स्थान पर रहीं। सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, हम समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी कल्याण योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार जनता के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

## नीट अभ्यर्थी की मौत के मामले में तथ्यों को छिपा रही बिहार सरकार: राबड़ी देवी



**पटना:** बिहार में विधान परिषद की सदस्य और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की नेता राबड़ी देवी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की एक अभ्यर्थी की मौत के मामले में बृहस्पतिवार को राज्य पुलिस पर तथ्यों को 'छिपाने' का आरोप लगाया। पूर्व मुख्यमंत्री, बजट सत्र के तीसरे दिन विधान परिषद के बाहर विपक्षी सदस्यों द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों को संबोधित कर रही थीं। जहानाबाद निवासी नीट अभ्यर्थी पिछले महीने छह जनवरी को पटना के चित्रगुप्त नगर स्थित एक छात्रावास में अचेत अवस्था में पाई गई थी। कई दिनों तक कोमा में रहने के बाद 11 जनवरी को एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी।

## बिहार चुनाव में विपक्ष को हराने के लिए राजग ने 40,000 करोड़ रुपये खर्च किए : तेजस्वी यादव



**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 2025 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को हराने के लिए लगभग 40,000 करोड़ रुपये खर्च किए। नेता प्रतिपक्ष यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए चुनाव से पहले नीतीश कुमार सरकार द्वारा दी गई कथित रियायतों का परोक्ष रूप से जिक्र किया। तेजस्वी ने आरोप लगाया, चुनाव में जनता हार गई और सत्ता तंत्र जीत गया। आपने लोकतंत्र को डर और भय के शासन (डर तंत्र) में बदल दिया है। उन्हें पैर में चोट के कारण कुर्सी पर बैठे-बैठे भाषण देने की अनुमति मिली थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, आपने हमें हराने के लिए 40,000 करोड़ रुपये खर्च किए। फिलहाल समय आपके साथ हो सकता है लेकिन हमारा समय भी आएगा। राजद नेता ने भाजपा नीत गठबंधन पर महिलाओं का अपमान करने का आरोप भी लगाया और चुनाव से पहले बिहार में एक करोड़ से अधिक महिलाओं को 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की योजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा, चुनाव के तुरंत बाद उत्तराखंड से, जहां आपकी पार्टी की सरकार है, एक नेता ने बिहार की विवाह योग्य लड़कियों को सस्ता बताया। आपकी सोच का यही स्तर है। यादव ने यह टिप्पणी उत्तराखंड की मंत्री रेखा आर्या के पति द्वारा दिए गए विवादित बयान के संदर्भ में की। उन्होंने पटना में हाल ही में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की एक अभ्यर्थी की संदिग्ध यौन उत्पीड़न के बाद हुई मौत के मामले को लेकर भी बिहार सरकार की आलोचना की। मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी गयी है।

## झारखंड के गिरिडीह में दो आदिवासी लड़कियों के साथ सामूहिक बलात्कार, चार नाबालिग समेत आठ पकड़े गए

**गिरिडीह:** झारखंड के गिरिडीह जिले में दो आदिवासी लड़कियों के साथ बलात्कार करने के आरोप में चार नाबालिग समेत आठ लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना 25 जनवरी की रात को खुखरा पुलिस थाना क्षेत्र में घटी, जब दोनों लड़की 'जात्रा' देखने के बाद घर लौट रही थीं। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विमल कुमार ने बताया कि 12 और 17 वर्ष की दो लड़कियों के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि उप-विभागीय पुलिस पदाधिकारी (डुमरी) सुमित प्रसाद के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने इस अपराध में संलिप्तता के आरोप में चार पुरुषों को गिरफ्तार किया है और चार नाबालिगों को हिरासत में लिया है। उन्होंने दावा किया कि सभी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को चार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि नाबालिगों को बाल सुधार गृह में रखा गया है। एसडीपीओ ने कहा, दोनों लड़कियां चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हैं। एसपी ने बताया कि तकनीकी निगरानी के अलावा, खोजी कुत्तों और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम द्वारा उपलब्ध कराए गए सुरागों के आधार पर आरोपियों को पकड़ा गया। उन्होंने कहा, हमने घटनास्थल से एक आरोपी द्वारा छोड़ी गई एक जोड़ी जींस भी बरामद की है।

### बिहार: दाल उत्पादन की भारी कमी का मुद्दा विधानसभा में उठा, सरकार ने बढ़ोतरी के उपाय गिनाए

**पटना:** बिहार विधानसभा में बृहस्पतिवार को दालों के उत्पादन में भारी कमी का मुद्दा उठाये जाने पर सरकार ने राज्य में दालों की खेती बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक अमरेंद्र कुमार ने यह मुद्दा उठाते हुए सरकार से पूछा कि राज्य के लोगों के लिए प्रोटीन का प्रमुख स्रोत मानी जाने वाली दालों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने पूछा कि राज्य की कुल मांग का केवल 33 प्रतिशत ही उत्पादन हो पा रहा है और प्रति व्यक्ति उत्पादन सालाना लगभग तीन ग्राम है। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने सरकार का पक्ष रखते हुए बताया कि राज्य में 4.48 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की दालों की खेती की जा रही है, जिससे 3.93 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा, दाल बिहार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण फसल है। उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक और विधियों का उपयोग किया जा रहा है। किसानों को मसूर की खेती के लिए प्रति क्विंटल 2000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, जबकि मूंग को हरित खाद्य फसल के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। दालों के बीज प्रतिस्थापन दर में भी अच्छा सुधार हुआ है। कृषि मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दालों में आत्मनिर्भरता मिशन शुरू किया गया है, जिसके तहत राज्य को 93.75 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा इस राशि का उपयोग बेहतर बीज उत्पादन, खेती के क्षेत्र के विस्तार, प्रसंस्करण और उत्पाद के मूल्य संवर्धन में किया जाएगा। यादव ने कहा, हमारा लक्ष्य अगले पांच वर्षों में दाल उत्पादन को दोगुना करना और बिहार को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार हर संभव सहायता प्रदान करेगी। बोधगया से राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने सरकार से पूछा कि जलजमाव की समस्या को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि कृषि विभाग जल संसाधन विभाग के साथ मिलकर इस समस्या के समाधान पर काम कर रहा है।

## उत्तर प्रदेश में किसानों को अब पांच मिनट में ई-केसीसी से मिल रहा है ऋण : योगी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि डिजिटल सुशासन की वजह से कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कर्ज लेने के लिए एक महीने तक इंतजार करने के बजाय मात्र पांच मिनट के अंदर ही ऋण प्राप्त हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने लोकभवन में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन के अवसर पर कहा कि अन्नदाता किसानों को पहले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण लेने के लिए एक महीने तक इंतजार करना पड़ता था, लेकिन आज वही किसान ई-केसीसी के माध्यम से मात्र पांच मिनट में ऋण सुविधा प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2026-27 के लिए कृषि ऋण तीन लाख करोड़ रुपये है जो पहले की तुलना में 13 फीसद अधिक है।

# तमिलनाडु के मंत्री के बयान पर बिहार में सियासी घमासान, मंत्री अशोक चौधरी ने किया पलटवार



**पटना:** तमिलनाडु के कृषि मंत्री एम.आर.के. पनीरसेल्वम द्वारा उत्तर भारतीयों और हिंदी भाषियों को लेकर दिए गए विवादित बयान से बिहार में राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। उनके बयान पर बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने बृहस्पतिवार को तीखा पलटवार करते हुए कहा कि किसी भी भाषा या क्षेत्र के लोगों को कमतर आंकना न केवल अनुचित है, बल्कि भारत की विविधता के मूल भाव के भी खिलाफ है। पनीरसेल्वम ने कथित रूप से कहा था कि उत्तर भारत से लोग तमिलनाडु में मजदूरी करने या छोटे व्यवसाय करने आते हैं, क्योंकि उन्होंने केवल हिंदी सीखी है, जबकि तमिलनाडु की दो-भाषा नीति के कारण वहां के युवा अंग्रेजी सीखकर विदेशों में बेहतर अवसर प्राप्त कर रहे हैं। उनके इस बयान को लेकर सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली और इसे उत्तर बनाम दक्षिण की नई बहस के रूप में देखा जा रहा है। अशोक चौधरी ने कहा कि किसी भी भाषा या क्षेत्र के लोगों को कमतर आंकना न केवल अनुचित है, बल्कि भारत की विविधता के मूल भाव के भी खिलाफ है। उन्होंने बिहार के ऐतिहासिक और बौद्धिक योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि यही वह भूमि है, जहां आर्यभट्ट ने गणित में शून्य की अवधारणा दी, चाणक्य ने राजनीति के सिद्धांत प्रस्तुत किए और नालंदा तथा विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालयों ने वैश्विक ज्ञान परंपरा को दिशा दी। उन्होंने यह भी कहा कि चंपारण सत्याग्रह से लेकर विभिन्न लोकतांत्रिक आंदोलनों तक बिहार ने देश की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चौधरी ने वर्तमान संदर्भ में कहा कि आज भी बिहार के युवा संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त कर रहे हैं और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कुछ हिंदी भाषी मेहनत-मजदूरी करते हैं तो इसे कमजोरी के रूप में क्यों देखा जाए, जबकि यही श्रम देश की अर्थव्यवस्था को गति देता है और विकास की मजबूत नींव तैयार करता है।

### धर्मांतरण मामले में तमिलनाडु निवासी आरोपी को जमानत मिली

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में कथित गैरकानूनी धर्मांतरण के एक मामले में आरोपी तमिलनाडु निवासी देव साहयम डैनियल राज को जमानत दे दी। पुलिस के मुताबिक, डैनियल धर्मांतरण के लिए लोगों को लुभाने वाले गिरोह का सरगना था और उसने करीब 70 लोगों का धर्मांतरण कराया था। पुलिस ने बताया कि पिछले वर्ष सितंबर में जब उसे गिरफ्तार किया गया था, तब उसकी साजिश 500 लोगों का धर्मांतरण कराने की थी। न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव ने आरोपों की प्रकृति, धर्मांतरण के मामले में सजा की गंभीरता, सहायक साक्ष्य की प्रकृति और सबूतों के साथ छेड़छाड़ की उचित आशंका पर विचार करते हुए जमानत का यह आदेश जारी किया।

## न्यूज अपडेट

### भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को स्थिरता के साथ-साथ गति और दिशा दी: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनकल्याण को राज्य सरकार का सर्वोच्च लक्ष्य बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' सहित तीन कर्तव्यों को लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने चुनावी घोषणा पत्र व बजट की सारी घोषणाओं को पूरा करेगी। शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने दो साल के कार्यकाल में राज्य की अर्थव्यवस्था को स्थिरता के साथ-साथ गति और दिशा दी है। मुख्यमंत्री, विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री के जवाब के बाद धन्यवाद प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया और सदन की कार्यवाही 11 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई। शर्मा ने कहा, जनकल्याण हम सबका सर्वोच्च लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्धारित तीन कर्तव्य, उत्पादकता व प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना, उनमें दक्षता का विकास करना और सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र पर हम प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।

### उप्र: चीनी मांझे से होने वाली मौतों को हत्या की श्रेणी में रख कर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को चीनी मांझे से होने वाली मौत को हत्या की श्रेणी में रखते हुए दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट जारी बताया, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चीनी मांझे से होने वाली मौतों को हत्या की श्रेणी में रखते हुए दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पोस्ट के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने चीनी मांझे से हो रही दुर्घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए प्रदेश में इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और प्रदेशव्यापी अभियान चलाकर इसकी उच्चस्तरीय समीक्षा के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनजीवन की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। लखनऊ में इन दिनों चीनी मांझे से मोटरसाइकिल सवारों के घायल होने की खबरों में काफी बढ़ोत्तरी हुई है और बुधवार को बाजारखाला में एक युवक की मांझे से गला कटने के कारण मौत हो गई थी।

### बोकारो में हाथियों के हमले में परिवार के तीन व्यक्तियों की मौत

**बोकारो:** झारखंड के बोकारो जिले में बृहस्पतिवार तड़के पांच हाथियों के एक झुंड के हमले में एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह घटना महुआदनार थाना क्षेत्र के बड़कीपुन्नू गांव में तड़के लगभग तीन बजे हुई। बोकारो के प्रभागीय वन अधिकारी संदीप सिंदे ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'पांच हाथियों के एक झुंड ने धान की तलाश में पीड़ित परिवार के घर पर हमला किया और घर के एक हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया। जब परिवार के तीन लोगों ने जान बचाने के लिए बाहर भागने की कोशिश की, तभी हाथियों ने उन पर हमला कर दिया। इसमें उनकी मौके पर ही मौत हो गई।' इस घटना में घायल हुई एक महिला का गोमिया के एक अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। सिंदे ने बताया कि हाथियों का यह झुंड पिछले कई दिनों से बड़कीपुन्नू इलाके में घूम रहा था। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान गंगा करमाली (65), उनकी पत्नी कमली देवी (62) और उनकी एक रिश्तेदार भाग्य देवी (65) के रूप में हुई है। वन विभाग के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि जनवरी में राज्य में हाथियों के हमलों में 25 से अधिक लोग जान गंवा चुके हैं।

### जयपुर में निलंबित व्याख्याता ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**जयपुर:** जयपुर में एक निलंबित व्याख्याता ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना बुधवार शाम महेश नगर क्षेत्र में अर्जुन नगर रेलवे अंडरपास के निकट की है।

### कोलकाता में आयोजित मैटेसिया प्रदर्शनी और वास्तुकला कार्यक्रम को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली

**कोलकाता :** कोलकाता के बिस्वा बांग्ला मेलाप्रांगन में सरफेसेस रिपोर्टर आर्किटेक्चर इवेंट के साथ आयोजित मैटेसिया प्रदर्शनी का तीन दिवसीय सफल आयोजन 1 फरवरी को संपन्न हुआ। निर्माण, आंतरिक सज्जा और वास्तुकला से जुड़ी नवीन सामग्री और उत्पादों पर केंद्रित इस प्रदर्शनी ने पूर्वी और उत्तरपूर्वी भारत के डिजाइन व निर्माण उद्योग को एक साझा मंच प्रदान किया। इस आयोजन में वास्तुकार, इंटीरियर डिजाइनर, डेवलपर, ठेकेदार और भवन निर्माण सामग्री निर्माता बड़ी संख्या में शामिल हुए। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता और आशीष विद्यार्थी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक आशीष विद्यार्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दूसरे दिन सेंचुरी प्लाई के कार्यकारी निदेशक केशव भजंका ने उद्योग की बदलती प्रवृत्तियों और संगठित निर्माण सामग्री बाजार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रख्यात वास्तुकार दुलल मुखर्जी को सरफेसेस रिपोर्टर पत्रिका की ओर से लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। करीब 1.5 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैली इस प्रदर्शनी में 100 से अधिक इंटीरियर और सरफेस ब्रांड्स ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर और पड़ोसी पूर्वी राज्यों के 100 से अधिक शहरों से अनुमानित 14,000 से 16,000 आगंतुकों ने प्रदर्शनी का दौरा किया। आयोजन ने कोलकाता को पूर्वी भारत के लिए एक प्रमुख डिजाइन, सोर्सिंग और नेटवर्किंग केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### एलानप्रो ने पश्चिम बंगाल में रेफ्रिजरेशन तकनीशियनों को दिया प्रशिक्षण

**कोलकाता :** पूर्वी भारत में कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एलानप्रो ने पश्चिम बंगाल चरण के तहत अपनी 'कूल स्किल्स, ब्राइट फ्यूचर' पहल को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत रामकृष्ण मिशन इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर, कोलकाता में 37 सर्विस टेक्नीशियनों को कमर्शियल रेफ्रिजरेशन उपकरणों की सर्विसिंग और मेंटेनेंस का प्रशिक्षण देकर प्रमाणित किया गया। सार्थक संस्था के सहयोग से संचालित छह सप्ताह के इस प्रशिक्षण मॉड्यूल में क्लासरूम लर्निंग के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण और परफॉर्मेंस असेसमेंट शामिल रहा। प्रतिभागियों को चेस्ट फ्रीजर, विज़ी कूलर और अन्य रेफ्रिजरेशन उपकरणों की इंस्टॉलेशन व ट्रबलशूटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। एलानप्रो के निदेशक संजय जैन ने कहा कि खाद्य, डेयरी और कोल्ड-चेन सेक्टर के विस्तार के साथ प्रशिक्षित तकनीशियनों की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह पहल राज्य में जॉब-रेडी कार्यबल तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### शिव नाडर फाउंडेशन ने लॉन्च किया आईकोनिक क्विज़वर्स चैलेंज

**कोलकाता :** शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिव नाडर फाउंडेशन (एसएनएफ) ने **आईकोनिक** क्विज़वर्स चैलेंज के शुभारंभ की घोषणा की है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की अंतर-महाविद्यालय क्विज़ प्रतियोगिता है, जो देशभर के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आयोजित की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में जिज्ञासा, आलोचनात्मक सोच और ज्ञान के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करना है। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन और ऑफलाइन चरणों के मिश्रण से आयोजित होगी। इसकी शुरुआत ऑनलाइन क्वालिफायर्स से होगी, जिसके बाद कोलकाता, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और चेन्नई में सिटी राउंड्स व ज़ोनल फाइनल्स आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता का समापन अप्रैल 2026 में होने वाले नेशनल फाइनल के साथ होगा। इसमें भाग लेने वाले छात्रों के लिए कुल 25 लाख का प्राइज पूल रखा गया है। एचसीएल ग्रुप और शिव नाडर फाउंडेशन के प्रेसिडेंट-स्ट्रैटेजी सुंदर महालिंगम ने कहा कि यह पहल कैंपस संस्कृति के केंद्र में सीखने और जिज्ञासा को स्थापित करने का प्रयास है। क्विज़ प्रारूप को ट्री ऑफ नॉलेज टीम के सहयोग से विकसित किया गया है, जिसका नेतृत्व प्रसिद्ध क्विज़ मास्टर सिद्धार्थ बसु कर रहे हैं। पंजीकरण 21 फरवरी 2026 तक खुले हैं।




## अंडर 19 विश्व कप : जॉर्ज, म्हात्रे के शानदार फॉर्म के दम पर भारत का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी



**हरारे:** छठा खिताब जीतने की कोशिश में जुटी भारत की अंडर 19 क्रिकेट टीम जब आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड से खेलेगी तो उसकी उम्मीदें शानदार फॉर्म में चल रहे अपने बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने जीत दर्ज की जिसमें कप्तान आयुष म्हात्रे और सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज ने यादगार पारियां खेली। इस जीत से पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम का हौसला बढा है जिसने पिछली बार 2022 में खिताब जीता था। भारत ने अमेरिका के खिलाफ पहले ग्रुप मैच से ही बेहतरीन खेल दिखाया है। सेमीफाइनल में 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान को हराकर भारतीय टीम ने अपराजेय रिकॉर्ड कायम रखा। अब उसका सामना एक और अपराजेय टीम इंग्लैंड से होना है। भारत को बखूबी पता है कि गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड के हौसले बुलंद है और उसे हराना आसान नहीं होगा। भारत को एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा और नजरें वैभव सूर्यवंशी पर भी लगी होंगी जिनके बल्ले से हो रही आतिशबाजी का जवाब तलाशने के लिये विरोधी गेंदबाज जूझते नजर आये हैं।अगले महीने 15 वर्ष के हो रहे सूर्यवंशी तीन अर्धशतक और एक शतक लगा चुके हैं। इंग्लैंड के सामने उन्हें हालांकि संयम से खेलना होगा क्योंकि मैन्नी लुम्सडेन की अगुवाई में उसके पास मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण है। भारत का अंडर 19 विश्व कप फाइनल में रिकॉर्ड अच्छा रहा है और दसवीं बार टीम फाइनल में पहुंची है। पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में हुए टूर्नामेंट में भारत ने इंग्लैंड को ही हराया था।

### स्मृति औंर जॉर्जिया के अर्धशतक

## आरसीबी ने दिल्ली को हराकर दूसरी बार डब्ल्यूपीएल खिताब जीता



**वडोदरा :** कप्तान स्मृति मंधाना और जॉर्जिया वोल के शानदार अर्धशतकों तथा दोनों के बीच शतकीय साझेदारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने महिला प्रीमियर लीग के हाई-स्कोरिंग रोमांचक फाइनल में गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ आरसीबी और मुंबई इंडियंस दोनों के नाम अब दो-दो डब्ल्यूपीएल खिताब हो गए हैं, जबकि दिल्ली कैपिटल्स को लगातार चौथी बार फाइनल में हार झेलनी पड़ी। 204 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने 19.4 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की। स्मृति मंधाना ने 41 गेंद में 12 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 87 रन की कप्तानी पारी खेली, जबकि जॉर्जिया वोल ने 54 गेंद में 14 चौकों से 79 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 165 रन की निर्णायक साझेदारी की। अंत में राधा यादव ने श्री चरणी पर लगातार दो चौके लगाकर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने चार विकेट पर 203 रन बनाए। कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने 57 रन की अहम पारी खेली, जबकि लॉरा वोल्वार्ट ने 44 रन का योगदान दिया। सलामी बल्लेबाज लिजेल ली ने 37 रन बनाए और चिनेल हेनरी ने नाबाद 35 रन की तेज पारी खेलकर स्कोर 200 के पार पहुंचाया। दिल्ली की ओर से चिनेल हेनरी और नंदिनी ने अंतिम ओवरों में विकेट लेकर वापसी की कोशिश की, लेकिन स्मृति और जॉर्जिया की दमदार बल्लेबाजी के आगे यह नाकाफी साबित हुई। शानदार प्रदर्शन के साथ आरसीबी ने एक बार फिर महिला क्रिकेट में अपनी बादशाहत साबित की।




आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 से पहले कप्तानों ने ट्रॉफी के साथ दिया पोज़

## भारत की टी20 मानसिकता सभी टूर्नामेंट के लिए एक जैसी: सूर्यकुमार



**मुंबई:** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि सबसे छोटे प्रारूप में टीम की सफलता का राज सभी प्रतियोगिताओं में एक जैसी मानसिकता अपनाना है। टी20 विश्व कप के सह-मेजबान के रूप में भारत जब आईसीसी टूर्नामेंट में दावेदार के 'टैग' के साथ उतरेगा तो यही सोच उसकी सबसे बड़ी ताकत होगी। उन्होंने ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर की फिटनेस पर भी अपडेट दिया और कहा कि उनकी वापसी में किसी तरह की जल्दबाजी नहीं की जाएगी। गत चैंपियन भारत शनिवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में अमेरिका से भिड़ेगा। भारत की नजरें रिकॉर्ड तीसरा खिताब जीतने पर लगी होंगी। कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में भारत की मानसिकता पर सवाल पूछे जाने पर सूर्यकुमार ने कहा, 'हम पिछले दो-तीन साल से अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि हमने अपनी सोच बदली है। पहले हम द्विपक्षीय सीरीज और आईसीसी टूर्नामेंट अलग-अलग तरीके से खेलते थे, लेकिन अब चाहे आईसीसी टूर्नामेंट हो, एशिया कप हो या द्विपक्षीय मैच, हम हर जगह एक ही तरह से खेलने की कोशिश करते हैं।'भारत ने 2024 टी20 विश्व कप जीतने के बाद सभी द्विपक्षीय टी20 सीरीज जीती हैं और पिछले साल एशिया कप का खिताब भी अपने नाम किया था। सूर्यकुमार ने कहा, 'इसी वजह से जब हम 2024 टी20 विश्व कप खेलने गए तो वह अलग महसूस नहीं हुआ। बल्कि ऐसा लगा जैसे हम पूरे एक साल से इसी तरह का क्रिकेट खेलते आ रहे हों।' उन्होंने कहा,'अब भी पिछले एक साल से हम जिस तरह का क्रिकेट खेल रहे हैं, टी20 विश्व कप में उसी तरह खेलने की कोशिश करेंगे। अगर हम अच्छा खेलेंगे, तो नतीजा भी हमारे पक्ष में होगा।' भारतीय कप्तान ने कहा कि टीम वॉशिंगटन सुंदर को पूरी तरह फिट होकर मजबूत वापसी करने के लिए पर्याप्त समय देना चाहती है।

### हम वहां जा रहे हैं: पाकिस्तान के खिलाफ भारत के टी20 विश्व कप मैच पर सूर्यकुमार ने कहा

**मुंबई:** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप मैच के लिए कोलंबो जाएगी, फिर भले ही पड़ोसी देश ने मैच का बहिष्कार करने की घोषणा क्यों ना की हो। हालांकि भारतीय कप्तान ने माना कि इस मामले से जुड़े लोगों के लिए स्थिति आसान नहीं है जिसमें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भी शामिल है जिसने पाकिस्तान को गंभीर नतीजों की चेतावनी दी है।

## भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का फैसला सही, हम बांग्लादेश के साथ : पाक प्रधानमंत्री शरीफ

**कराची:** भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच के बहिष्कार को सही फैसला बताते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि बांग्लादेश के समर्थन के लिये यह 'सोच समझकर' लिया गया फैसला है । पाकिस्तान सरकार ने अपनी क्रिकेट टीम को कोलंबो में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने के लिये कहा है। इससे पहले सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार पर बांग्लादेश को विश्व कप से हटाकर स्कॉटलैंड को उसकी जगह शामिल किया गया । शरीफ ने यहां सरकार की एक बैठक के बाद कहा ,'हमने टी20 विश्व कप पर स्पष्ट रूख अपनाया है कि हम भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे क्योंकि खेल के मैदान पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिये।'

### भारत के खिलाफ मैच हमारे नियंत्रण में नहीं, यह सरकार का फैसला है: सलमान आगा

**कोलंबो:** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अपने क्रिकेट बोर्ड के रुख को बरकरार रखते हुए बृहस्पतिवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार करने का फैसला उनकी सरकार ने लिया था और यह उनके नियंत्रण में नहीं था।

### खिलाड़ी कौशल और ट्रेनिंग पर भरोसा करने के बजाय टॉस के नतीजे पर ज्यादा निर्भर रहते हैं: राशिद

**मुंबई:** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने बृहस्पतिवार को कहा कि मैच का नतीजा तय करने के लिए टॉस के बजाय कौशल और तैयारियों पर भरोसा करने की जरूरत है। उन्होंने साथ ही इस बात से भी इनकार किया कि इंडियन प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों के अनुभव के कारण उनकी टीम को कोई खास फायदा होगा। राशिद ने साफ किया कि मैच से पहले खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं हो सकता और यह एक ऐसी संस्कृति है जिसके मुताबिक अफगान टीम तैयारी करती है। राशिद ने यहां कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'पिछले चार या पांच साल में मैंने बहुत से खिलाड़ियों को देखा है कि ज्यादातर समय वे टॉस से ही खेल का फैसला करते हैं। वे सोचते हैं, अगर हम टॉस जीत गए तो हम मैच जीत जाएंगे। मुझे लगता है कि वे खेल से कौशल को ही बाहर कर देते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम बहुत अभ्यास कर रहे हैं, तीन या चार घंटे। (लेकिन) वे इस पर विश्वास नहीं करते। मैं खुद इस पर भरोसा करता हूं, टॉस पर नहीं। यह किसी भी चीज से ज्यादा जरूरी है।'



## मौद्रिक नीति से पहले शेयर बाजार में तीन सत्रों की तेजी थमी, सेंसेक्स 504 अंक लुढ़का



**मुंबई:** वैश्विक शेयर बाजारों के कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन सत्रों के बाद बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 504 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी में 133 अंक की गिरावट आई। विश्लेषकों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति घोषणा से एक दिन पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु, आईटी एवं पूंजीगत उत्पाद शेयरों में तेज बिकवाली से धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के अंत में 503.76 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,313.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 666.07 अंक गिरकर 83,151.62 अंक तक आ गया था। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 133.20 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,642.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल, भारती एयरटेल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटीसी, इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, ट्रेंट, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''पिछले कुछ सत्रों में अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर बनी सकारात्मक धारणा से तेज उछाल देखने को मिला था लेकिन अब मुनाफावसूली हावी रही और बाजार में गिरावट रही।'' उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी शेयरों में बिकवाली और अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने से जोखिम से बचने की प्रवृत्ति मजबूत हुई। इसके साथ आरबीआई की शुक्रवार को होने वाली मौद्रिक नीति घोषणा पर भी सबकी नजरें टिकी रहीं।

### सोने की मिलावट वाले प्लैटिनम उत्पाद के आयात पर सरकार ने अंकुश लगाई

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोने की मिलावट के साथ प्लैटिनम के अवैध आयात पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को प्लैटिनम से बने कुछ उत्पादों के आयात पर पाबंदी लगा दी। इससे पहले इन वस्तुओं के आयात पर किसी भी तरह की पाबंदी नहीं थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, आईटीसी एचएस कोड 71141920 के अंतर्गत आने वाली वस्तुओं की आयात नीति को 'मुक्त' से बदलकर 'अंकुश' की श्रेणी में डाल दिया गया है। इस एचएस कोड में प्लैटिनम से बने आभूषण एवं अन्य उत्पाद शामिल हैं।

## भारत, अमेरिका मार्च के मध्य तक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं: गोयल



**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और अमेरिका मार्च के मध्य तक बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसके बाद अमेरिका, भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क कम कर देगा। समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद भारत भी अमेरिका से आयातित कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करना शुरू करेगा। मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर एक संयुक्त बयान को चार से पांच दिन में अंतिम रूप देने और उस पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है, जिसके बाद अमेरिका द्वारा लगाया गया शुल्क घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। दोनों देशों ने इस सप्ताह की शुरुआत में समझौते को अंतिम रूप दिया। इसके तहत अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया जाएगा। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, 'द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) का पहला चरण लगभग तैयार है और हमें उम्मीद है कि अगले चार से पांच दिन में हम अमेरिका तथा भारत के बीच एक संयुक्त बयान को अंतिम रूप देकर उस पर हस्ताक्षर कर देंगे। इसके आधार पर इस साझेदारी का पहला चरण शुरू होगा।'' गोयल ने कहा कि औपचारिक समझौते का मसौदा तैयार किया जा रहा है जिसमें एक या डेढ़ महीने का समय लग सकता है। संभवत: औपचारिक समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर हो जाएंगे। भारतीय वस्तुओं पर कम किए गए 18 प्रतिशत शुल्क अमेरिका के एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से लागू होंगे, जो संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने के एक या दो दिन बाद जारी किया जाएगा। गोयल ने साथ ही बताया कि इस समझौते में किसी भी प्रकार के निवेश की प्रतिबद्धता नहीं है।

### सरकार छतरियों पर 100 रुपये का न्यूनतम आयात मूल्य लगाया

**नयी दिल्ली:** सरकार ने छतरियों पर न्यूनतम आयात मूल्य बृहस्पतिवार को 100 रुपये प्रति इकाई निर्धारित किया, जिसका उद्देश्य देश में छतरी के विनिर्माण को बढ़ावा देना है। इस मूल्य से कम कीमत वाली छतरियों का आयात अनुमति नहीं होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि तैयार छतरियों के आयात की नीति और शर्तें अब मुक्त से अंकुश की श्रेणी में डाल दी गई हैं। हालांकि, यदि प्रति छतरी का सीआईएफ (लागत, बीमा और भाड़ा) मूल्य 100 रुपये या उससे अधिक है, तो आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा।

## नये आयकर अधिनियम से जुड़े फॉर्म, नियम इसी महीने होंगे अधिसूचित: सीबीडीटी प्रमुख

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा है कि आयकर अधिनियम, 2025 के अप्रैल से लागू होने से पहले फरवरी में जरूरी फॉर्म और नियम अधिसूचित किए जाएंगे। इसके साथ ही अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी जारी की जाएगी। अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में यह भी कहा कि एक फरवरी को पेश बजट में पेनाल्टी को शुल्क में बदलने, कार्यवाही को अतिरिक्त कर का भुगतान कर समाप्त करने की सुविधा, शेयर पुनर्खरीद के मामले में कर को युक्तिसंगत बनाने और टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) में कमी जैसे उपाय करदाताओं के लिए चीजों को सुगम बनाएंगे। उन्होंने कहा, 'प्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर जो प्रस्ताव बजट में किए गए हैं, वे वास्तव में कानून को सरल बनाने और करदाताओं के लिए इसे आसान बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का ही एक हिस्सा हैं।' सीबीडीटी प्रमुख ने कहा, हम फरवरी में नए आयकर फॉर्म और नियम जारी कर देंगे।... नए आयकर अधिनियम, 2025 के एक अप्रैल, 2026 से लागू होने से पहले संबंधित पक्षों से इस पर सुझाव लिया जाएगा।'

### केंद्र, राज्य जीएसटी ई-वे बिल सुधारों पर कर रहे काम: अधिकारी

केंद्र सरकार ई-वे बिल ढांचे में सुधार के लिए राज्यों के साथ बातचीत कर रही है। इस पर जीएसटी परिषद की अगली बैठक में चर्चा होगी। पिछले सप्ताह जारी आर्थिक समीक्षा में कहा गया था कि जीएसटी सुधारों में अगली कड़ी ई-वे बिल प्रणाली को केवल प्रवर्तन और नियंत्रण के साधन के बजाय सुगम माल ढुलाई के साधन के रूप में पुनर्परिभाषित करने पर केंद्रित हो सकती है। ई-वे बिल सुधारों से माल ढुलाई व्यवस्था का काफी हद तक विनियमन कम होगा। इससे व्यापार के लिए लागत और देरी कम होगी।

## न्यूज अपडेट

### रुपया 13 पैसे की बढ़त के साथ 90.34 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 13 पैसे मजबूत होकर 90.34 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपये में यह मजबूती भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीदों और जिंस कीमतों में गिरावट के कारण आई। हालांकि, निवेशक समझौते की शर्तों को लेकर और स्पष्टता की प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसलिए बढ़त सीमित रही।

### एलआईसी का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 17 प्रतिशत बढ़कर 12,958 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 17 प्रतिशत बढ़कर 12,958 करोड़ रुपये रहा। नये कारोबार और निवेश आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 11,056 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस तिमाही के दौरान, बीमा कंपनी की शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 1,25,613 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले 2024-25 की इसी तिमाही में 1,06,891 करोड़ रुपये थी। कुल आय भी दिसंबर तिमाही में बढ़कर 2,33,984 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,01,994 करोड़ रुपये थी।

### कृषि मंत्री ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का बचाव किया, किसानों के हितों की रक्षा का दावा



**नयी दिल्ली:** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का जोरदार तरीके से बचाव करते हुए भारतीय किसानों पर इसके असर को लेकर विपक्ष की चिंताओं को खारिज कर दिया। साथ ही संसद में अपने आचरण के लिए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं के इस आरोप का जवाब देते हुए कि व्यापार समझौता भारत के कृषि और डेयरी क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाएगा, चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुआ यह समझौता 'कूटनीति, विकास और गरिमा का एक नया उदाहरण' है। चौहान ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है। किसानों के हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हमारे मुख्य खाद्यान्न, फल, हमारी सभी मुख्य फसलें, हमारा बाजरा, सब कुछ सुरक्षित है। डेयरी उत्पाद सुरक्षित हैं।' मंत्री ने विपक्षी आलोचना को चुनावी हार से उपजी निराशा बताया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस और विपक्ष निराश हैं, मानसिक रूप से परेशान हैं। वे मैदान में मुकाबला नहीं कर सकते। एक के बाद एक हार ने उन्हें निराशा, हताशा और आक्रोश से भर दिया है।' उन्होंने कहा कि वे 'झूठ की मशीन, अफवाहों का बाजार' बन गए हैं। चौहान ने तर्क दिया कि यह समझौता वास्तव में कम शुल्क के माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देकर भारतीय किसानों को फायदा पहुंचाएगा। उन्होंने अमेरिका को 63,000 करोड़ रुपये के चावल निर्यात का हवाला दिया और कहा कि कम शुल्क से चावल, मसालों और वस्त्रों का निर्यात बढ़ेगा, जिससे अप्रत्यक्ष रूप से कपास किसानों को फायदा होगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3495 अंक 305 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in